शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 03, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 29 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नीतीश ने नौवीं बार ली सीएम पद की शपथ

### नीतीश ने राज्यपाल को बताया कि वे महागठबंधन से अलग होने का फैसला कर चुके हैं, शाम में शपथ ले ली



**पटना**

**बिहार** में सियासी उलटफेर की अटकलें एक बार फिर सही साबित हुईं। नीतीश कुमार ने रविवार सुबह वही किया, जिसका पिछले दिनों से अंदाजा लगाया जा रहा था। रविवार सुबह उन्होंने राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि वे महागठबंधन से अलग होने का फैसला कर चुके हैं। इसके बाद शाम होते-होते उन्होंने नौवीं बार भाजपा के समर्थन से सीएम पद की शपथ भी ले ली। नीतीश कुमार के एक बार फिर एनडीए गठबंधन में लौटने और नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर जिला जदयू के अध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मंजू देवी समेत जदयू नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते कहा है कि समाजिक न्याय के मसीहा और प्रखर समाजवादी नेता नीतीश कुमार का व्यक्तित्व इतना ईमानदार व स्वच्छ है कि हर दल उन्हें साथ देने को तैयार रहता है।

**आने वाले चुनाव में एनडीए बिहार में क्लीन स्वीप करेगी:** बिहार में एनडीए की सरकार बनने से भाजपा उत्साहित है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आने वाले चुनाव में एनडीए बिहार में क्लीन स्वीप करेगी। उन्होंने दावा कि विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की जीत होगी। एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी पर उन्होंने कहा कि बिहार में जब-जब एनडीए की सरकार आई है तब-तब हर क्षेत्र में बिहार के विकास को गति मिली है। बिहार में जनता ने भाजपा और जदयू के एनडीए को वोट दिया था।

## भाजपा ने एक भावी प्रधानमंत्री को अपने साथ मिलाकर...अखिलेश

**लखनऊ**

नीतीश कुमार ने आखिरकार सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि बिहार में आज महागठबंधन सरकार टूट गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है। नीतीश कुमार ने कहा कि महागठबंधन के साथ रहना अब मुश्किल हो गया था। वहीं पीएम मोदी ने भी नीतीश कुमार को फोन करके बधाई दी है। इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार फिर एनडीए के गठबंधन के साथ सीएम बन गए हैं। नीतीश कुमार ने 9वीं बार बिहार के सीएम के रूप में शपथ ली है। नीतीश के इस्तीफे बाद यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी ट्वीट किया है।

## विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम का पद मिला



**पटना**

**बिहार की** राजनीतिक एक बार फिर चर्चा में है। नीतीश कुमार नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। नीतीश के साथ दो उपमुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाई गई है। एक डिप्टी सीएम भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा हैं। कभी बिहार विधानसभा के स्पीकर रहे विजय कुमार सिन्हा जाति की राजनीति के कारण सुर्खियों में रहने वाले प्रदेश में भूमिहार जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं। विजय सिन्हा का डिप्टी सीएम बनना भाजपा की सधी हुई सियासी चाल के रूप में देखा जा रहा है।

**संघ स्वयंसेवक सियासत में संवैधानिक पद तक पहुंचे**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) से जुड़े रहे विजय सिन्हा का जन्म लखीसराय के तिलकपुर में हुआ था। पैतृक घर मोकामा जिले में है। पिता शारदा रमण सिंह हाईस्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में सेवानिवृत्त हुए। जून, 1967 में जन्मे विजय सिन्हा ने राजनीतिक सफर की शुरूआत 1982 में की। माना जाता है कि दुर्गा पूजा समिति के सचिव के रूप में इन्होंने 42 साल से पहले सार्वजनिक सियासत की शुरूआत की। आरएसएस से जुड़ाव के कारण विजय सिन्हा बिहार की राजनीति में भाजपा के प्रमुख चेहरों में गिने जाते हैं।

**कौन हैं विजय कुमार सिन्हा**

बिहार की राजनीतिक हलचल के बीच रविवार को भाजपा ने शपथ ग्रहण से पहले सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उप-नेता चुना। 2005 में पहली बार जदयू-भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के बाद करीब 15 साल तक जदयू ने विधानसभा स्पीकर का पद अपने पास रखा। 2020 में पहली बार भाजपा के कोटे से विधानसभा स्पीकर चुना गया।

## बीजेपी में आने के बाद छह साल में ही बने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी




**पटना**

**बिहार में** नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर राज्य में सरकार बना ली है। भाजपा ने बताया कि उनके विधायक दल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और विजय सिन्हा को उपनेता चुना गया है। सम्राट चौधरी कुशवाहा जाति से ताल्लुक रखते हैं और शकुनी चौधरी के बेटे हैं।

**कौन हैं सम्राट चौधरी**

16 नवंबर, 1968 में जन्में सम्राट चौधरी बिहार के नए डिप्टी सीएम बने हैं। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि सम्राट चौधरी, शकुनी चौधरी के बेटे हैं।

बिहार की राजनीति में शकुनी चौधरी बड़ा नाम रहे हैं। समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शकुनी चौधरी भी एक हैं। बिहार में कुशवाहा समाज के बड़े नेताओं में शकुनी चौधरी शुमार किए जाते हैं। अब सम्राट चौधरी अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। साल 1990 में सक्रिय राजनीति में उतरने वाले सम्राट चौधरी ने अपने करियर की शुरूआत राष्ट्रीय जनता दल से की थी। साल 1999 में बिहार की राबड़ी सरकार में सम्राट चौधरी कृषि मंत्री भी रहे। हालांकि उनकी कम उम्र को लेकर विवाद हुआ और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। साल 2018 में सम्राट चौधरी ने राजद से नाता तोड़कर भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में आने के बाद से सम्राट चौधरी का राजनीतिक कद लगातार बढ़ता गया।

## असम की बरपेटा लोकसभा सीट माकपा छोड़ने को तैयार नहीं, गठबंधन में फंसा पेंच

**बरपेटा (असम)**

**असम** की बरपेटा लोकसभा सीट को लेकर हालांकि अभी तक इंडी गठबंधन में कोई फैसला नहीं हुआ है, लेकिन माकपा यह सीट किसी भी कीमत पर कांग्रेस के लिए छोड़ने को तैयार नहीं है। सरभोग से माकपा विधायक मनोरंजन तालुकदार ने रुख साफ किया है कि उनकी पार्टी असम में एक के खिलाफ एक उम्मीदवार उतारने की नीति पर अडिग है। माकपा विधायक तालुकदार ने कांग्रेस की संभावित उम्मीदवारों की सूची पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि माकपा बरपेटा लोकसभा सीट पर दावा कर रही है, लेकिन कांग्रेस प्रद्युत बोरदोलोई को इस सीट पर उतारने की इच्छुक है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि माकपा असम में एक के खिलाफ एक उम्मीदवार उतारने की नीति पर अडिग है। माकपा इंडी फ्रंट की शर्तों के अनुसार बरपेटा में चुनाव लड़ेगी और इस मुद्दे पर कांग्रेस से बातचीत भी हुई है। विधायक तालुकदार ने यह भी खुलासा किया है कि 15 पार्टियों के इंडी गठबंधन ने राज्य में सीट बंटवारे के मुद्दे पर न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ बातचीत की थी। उम्मीदवारों की सूची पर न तो कांग्रेस ने और न ही गठबंधन ने फैसला किया है, यह मीडिया की रचना है। जब उनसे पूछा गया कि अगर बरपेटा सीट माकपा को नहीं दी गई तो पार्टी की स्थिति क्या होगी, विधायक तालुकदार ने कहा, अंतिम क्षण तक बरपेटा निर्वाचन क्षेत्र की मांग से पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी बरपेटा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ने पर अडिग है।

## 'मन की बात' का 109वां संस्करण लोगों के लिए काफी प्रेरक रहा: धामी

**देहरादून**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का 109वां संस्करण उत्तराखंड के लोगों के लिए काफी प्रेरक रहा। प्रधानमंत्री ने इसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों की चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इस 109वें संस्करण को जाखन में सुना जबकि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कांवली रोड शिवाजी नगर स्थित अनुसूचित बस्ती के वार्ड 24 बूथ संख्या 29 में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर सुना। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में कहा कि पद्म पुरस्कार पाने वाले अधिकतर लोग, अपने-अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं।

## 'पद्म और अर्जुन पुरस्कार विजेता सबके लिए प्रेरणास्रोत'

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मो**दी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में पद्म और अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि इन विजेताओं की जीवन यात्रा हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। मन की बात' के 109वें एपीसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह और उसमें नारी शक्ति के प्रदर्शन का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने अर्जुन पुरस्कार पाने वाली बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 13 महिला एथलीट को इस बार पुरस्कृत किया गया है। बदलते भारत



में देश की बेटियां हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने हर बार की तरह जनता के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा से जुड़े डेटा और शब्दावली का वर्गीकरण किया है। इससे किसी अन्य डॉक्टर के पास जाने पर व्यक्ति के रोग और इलाज संबंधित सारी जानकारी पर्ची के माध्यम से पता चल जाएगी। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को पुनर्जीवित करने वाली अरुणाचल प्रदेश की यानुंग और आयुष से लोगों का इलाज करने वाले छत्तीसगढ़ के हेमचंद मांझी के बारे में बताया। दोनों को ही इस बार पद्म सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में पद्म पुरस्कार का तंत्र पूरी तरह बदल गया है। लोगों को खुद को नामांकित करने का अवसर मिल रहा है। इससे नामांकन में 28 गुना की वृद्धि हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने भारत के लोकतंत्र को किया मजबूत: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने (रविवार) सुप्रीम कोर्ट सभागार में डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर) लॉंच किया। सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल का शुभारंभ करते हुए कहा,"सुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगी। आज भारत में जो कानून बन रहे



हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूत करेंगे।"

**अगले 25 वर्षों के लक्ष्य के साथ काम कर रही देश की कार्यपालक**

उन्होंने आगे कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की वाइब्रेंट डेमोक्रेसी को मजबूत किया है। सात दशकों से भी लंबी इस यात्रा में सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्तिगत अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। आज भारत की हर संस्था कार्यपालक हो या विधायकिया अगले 25 वर्षों को लक्ष्य लेकर काम कर रही है। भारत के आज की आर्थिक नीतियां भारत के कल के उज्जवल भारत का आधार बनेगी।

**भारत के लोग 'इज ऑफ जस्टिस' के हकदार**

पीएम मोदी ने आगे कहा, "आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ रहा है। आज भारत के लिए हर अवसर का लाभ उठाना जरूरी है।

## कालका मंदिर में जागरण के दौरान मची भगदड़, एक की मौत

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के कालका जी मंदिर में देर रात बड़ा हादसा हो गया। यहां कल रात जागरण के दौरान स्टेज गिरने से भगदड़ मच गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं, 17 लोग घायल हो गए। हादसा करीब रात 12:30 बजे के करीब हुआ।































# ऑनलाइन अध्ययन कर अपना उज्जवल भविष्य बनाएं-सांसद केसरी देवी पटेल




**सहसों।** सुखदेव सिंह महाविद्यालय में रविवार को भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में स्मार्टफोन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने 251 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार सभी बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा, आधुनिक जानकारी एवं उज्जवल भविष्य के लिए स्मार्टफोन व लैपटॉप देकर उन्हें देश दुनिया से जोड़ रही है। छात्र-छात्राएं ऑनलाइन अध्ययन कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्तिशाली होगा तो राष्ट्र अपने आप शक्तिशाली होगा। जिसके लिए कठिन परिश्रम, लगन व मेहनत करके नियमों का पालन करते हुए अपना व देश को भविष्य उज्जवल बनाएं तथा मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामना भी दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी ने बच्चों के समक्ष अपने अनुभव को साझा करते शुभकामना देते हुए संबोधित किया। समारोह के इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक व ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आरपी सिंह ने किया। स्मार्टफोन पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष अनिल कुमार, अजय यादव, अतुल पाल, पंकज मिश्रा, राजेंद्र यादव, मानसिंह, स्वदेश शुक्ला, जय शंकर सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव पीड़िताओं से धनादोहन का आरोप

**मऊआइमा।** सरकार सबको स्वास्थ्य के लिए सस्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की है। आरोप है कि मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव पीड़िताओं से धनादोहन का आरोप काफी समय से लगाया जा रहा है। मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थित स्टाप नर्सों द्वारा प्रसव पीड़िताओं से जबरियन धनादोहन का आरोप लगाया गया है। आरोपित है प्रियंका शुक्ला नामक नर्स ने सभी का रिकार्ड तोड दी है आरोपित है कि प्रसव पीड़िता जब अस्पताल पहुंचतीं हैं तो पहले महिला डाक्टर ताव देखाने लगती है। आरोप है कि महिला डाक्टर एंव स्टाप नर्स की सांठ गांठ से हजारों रूपया रूपया वसूली करने के बाद प्रसव कराया।जाता है।बाद में उल्टा एहसान भी लाद दी। जाती है। मऊआइमा सीएचसी के प्रभारी राम गोपाल वर्मा ने बताया कि स्टाप नर्सों की शिकायत मिल रही है वह प्रियंका शुक्ला नर्स के विरुद्ध कार्यवाही अवश्य करेंगें। इस बाबत जब महिला चिकित्सक डाक्टर गुंजन से बात करने की कोशिश किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

# गणतंत्र दिवस के अवसर समाजसेवी ने जरूरत मंदों को किया कम्बल वितरित




**करछना** प्रयागराज विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत धरवारा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेवी एवं प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह के नेतृत्व में पंचायत भवन एवं विद्यालय पर झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया उसे उपरांत बड़ी संख्या में गांव के गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को समाजसेवी वीरू सिंह ने एक हजार से अधिक लोगों को कड़ाके की ठंड के मौसम में कमल वितरित किया वहीं कंबल प्रकार बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान दिखी इसने कार्य के लिए गांव के गणमान्य लोगों ने समाज सेवी प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह की सराहना करते हुए बधाई दी इस मौके पर प्रमुख लोगों में लाल मणि सिंह आशीष सिंह अनुराग सिंह अजय सिंह अमन सिंह ओम प्रकाश सिंह आदि बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिक एवं बुजुर्ग महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गणतंत्र दिवस पर श्री ऋषि फाउंडेशन ने जरूरत मंद गरीबों को वितरित किया कम्बल



**करछना** प्रयागराज विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में समाजसेवी एवं प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडे के नेतृत्व में श्री ऋषि फाउंडेशन के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक हजार से अधिक गरीब महिलाओं एवं पुरुष बुजुर्गों में कमल वितरित किया गया तथा वहीं उपस्थित गांव के गणमान्य लोगों को साल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक करछना पियूष रंजन निषाद विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी कमल मिश्रा त्रिवेणी प्रसाद पांडे भाजपा जिला उपाध्यक्ष ,धीतेश तिवारी धीरू प्रधान संघ महा मंत्री, सचिव कमल सिंह,संगम लाल शुक्ल,आशीष पांडे अवधेश पांडे एडवोकेट आज प्रमुख विशिष्ट अतिथियों के बीच श्री ऋषि फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया वहीं गरीबों को ठंड के बचाव के लिए एक हजार से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर उन्हें सम्मानित कर विदा किया इस पुनीत कार्य के लिए प्रधान मंजू पांडेय/प्रतिनिधि सुरेश पांडे द्वारा वितरित किए गए कंबल समाजसेवी सुरेश पांडे एवं मंजू पांडे का गणमान्य लोगों आभार व्यक्त किया ।

# बिटिया ने लहराया कामयाबी का परचम



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र माधोराम का पूरा गांव की रहने वाली बेटी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा में कामयाबी का परिचम लहराया है। सफल परीक्षा की सूची में महिमा कुशवाहा सफलता हासिल किया है। महिमा का चयन अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पद पर हुआ है। पीसीएस परीक्षा में बेटी की कामयाबी से परिजनो की खुशी का ठिकाना नहीं है। महिमा ने बताया कि पिता का सपना साकार हुआ है। पिता की मौत के बाद भी अपना हौसला नही तोड़ा दिवंगत पिता का सपना था कि बेटी अधिकारी बने। मां ने बताया कि पिता ने बेटी को अधिकारी बनना चाहते थे। पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर बेटी ने अपने पिता का सपना साकार कर दिया है। महिमा ने मधोराम का पूरा स्थित बाल विकास इंटर कॉलेज से हाई स्कूल वा इंटर की पढ़ाई पूरी की। पिता स्वर्गीय उमाशंकर कुशवाहा बाला प्रसाद कुशवाहा इंटर कॉलेज बलरामपुर प्रयागराज में अध्यापक के पद पर थे। महिमा ने स्नातक इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से किया पीसीएस में सफलता हासिल करके अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। महिमा ने पीसीएस परीक्षा में पांचवी बार में सफलता मिली है। महिमा कुशवाहा की मां ने बताया कि बेटी ने मेहनत करके इस मुकाम पर पहुंची है। महिमा ने बताया कि सबसे बड़ा योगदान हमारे मामा विमल कुमार कुशवाहा ने किया। पिताजी के स्वर्गवास के बाद मां ने ही हम सब का हौसला बुलंद करती रही और पढ़ने के लिए सहयोग करती रही। आज जो भी है काम कामयाबी है वह हमारे मामा का श्रेय बनता है। आज जो भी सम्मान मिल रहा है वह हमारे मामा की बदौलत से मिल रहा है। बाल विकास गर्ल्स इंटर कॉलेज माधोराम का पूरा के प्रबंधक श्रीमती विजय कुशवाहा एवं प्रवक्ता श्रीमती विभा कुशवाहा, विपुल कुशवाहा, डॉ अमर सिंह कुशवाहा, डॉ दिनेश कुशवाहा, राजभान सिंह, जयप्रकाश सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, बलराज कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, आदि अध्यापकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### धनावल और अल्हवा सहित कई कोटेदारों की मनमानी से लोग त्रस्त,

**आपूर्ति निरीक्षक कोरांव पर कोटेदारों को बचाने का आरोप,**

आपूर्ति निरीक्षक को हटाने की मांग,

कोरांव। सरकार के नियम मंशा और गाइड लाइन के विपरीत उचित दर विक्रेताओं द्वारा संबंधित अधिकारियों की लापरवाही से खाद्यान्न वितरण में घोटाला बदस्तूर जारी है। अजीज आ चुके और सब्र का हद पार कर चुके धनाबल गांव के उचित दर विक्रेता के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय मंगवार को कई कार्ड धारक ट्रैक्टर आदि साधनों से लद कर आए और एसडीएम कोरांव से कार्यवाही की मांग किए। जिस पर एसडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक कोराव से कार्ड धारकों के बयान लेने और जांच आख्या तुरंत प्रस्तुत करने का आदेश दिया। जिससे अग्रिम कार्यवाही हो सके। कार्ड धारकों का आरोप है कि कई कोटेदार मशीन पर फिंगर लगवा कर खाद्यान्न नहीं वितरित करते ब्लैक मेल कर देते हैं। धनावल कोटेदार की तरह अल्हवा का भी कोटेदार उक्त कार्य में माहिर है। कई बार निलंबित हुआ,कई बार अनुबंध जब्त हुआ, कई बार कालाबाजारी करते हुए मह वाहन सहित पकड़ा गया किंतु आपूर्ति निरीक्षक ने बचा लिया। एक बार ब्लैक मेल करने के आरोप में जेल भी गया। किंतु रिश्वत के बल पर बहाल हो जाता है। इस दिशा में एडीएम सिविल सप्लाई प्रयागराज द्वारा भी जिलाधिकारी आयुक्त के आदेश पर जांच कार्यवाही चल रही है।

# मुकेश शुक्ला बने उत्तर प्रदेश स्कूल वॉलीबाल टीम के कोच



**मेजा।** जिला वालीबाल संघ प्रयागराज के राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी मुकेश शुक्ला को उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा अंडर-19 बालिकाओं की प्रदेशीय वॉलीबाल टीम का कोच बनाया गया है। राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आगामी 29 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक कर्नाटक राज्य के शिमोगा में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (रङ्क्षक्र) द्वारा आयोजित अंडर-19 ₹ राष्ट्रीय स्कूल नेशनल बालिका वॉलीबा चैंपियन शिप-2023-24 में प्रयागराज के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत मुकेश शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उत्तर प्रदेश स्कूल वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के संरक्षक श्याम कांत शुक्ल उर्फ लहरी भैया ने बताया कि मुकेश शुक्ला ने खेल विशेषज्ञ के रूप में एन.आई.एस.कोच का कोर्स किया है। साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल डी वॉलीबाल के लेवल-1 कोच भी है। प्रयागराज के मुकेश शुक्ला को उत्तर प्रदेश राज्य की स्कूल वॉलीबाल टीम का कोच बनाए जाने पर जनपद के पदाधिकारी व खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है। जिसके लिए मुख्य रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी, जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के अध्यक्ष प्रभात राय, सोनभद्र के बी.एस.तिवारी, प्रतापगढ़ के राम शिरोमणि सिंह, मिजार्पुर के प्रताप नारायण तिवारी, सुल्तानपुर के पंकज दुबे, भदोही के एस.एन.सिंह, कानपुर के धीरेंद्र सचान, जिला एमडीएम प्रभारी राजीव त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी काशी प्रसाद सिंह, उपेंद्र बहादुर सिंह, अभिमन्यु राय, अधिवक्ता उच्च न्यायालय अभिषेक तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता अधिवक्ता उच्च न्यायालय सुशील मिश्रा, भाजपा नेता आशीष मिश्रा, अमरेश तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप गुप्ता, पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जॉर्डन.एच.नाथ, बी.एच.जैदी, अल्ताफ अली, फूलचंद गुप्ता, रामाश्रय राय, जावेद अख्तर, अजय राय, राजित राम शुक्ला, के.बी. एल. श्रीवास्तव, बर्फी लाल यादव, प्रभाकर चौबे, आर.पी.राय, नीरज श्रीवास्तव, आनंद शर्मा, सतेंद्र पांडेय, आशीष कन्नौजिया, पंकज शुक्ला, विजया सिंह, आशीष यादव आदि ने अपनी-अपनी शुभकामनाओं के साथ बधाइयां देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल की सभी शाखाओं में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मना गणतंत्र दिवस



**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज के सभी शाखाओं में 75 वॉ गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग देश भक्ति पर आधारित संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडा ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरूवात ध्वजा रोहण एवं मार्च पास्ट के साथ किया गया। इसके पूर्व दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, जिसमें पहाडी नृत्य के साथ साथ पिरामिड को भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षकाओं के द्वारा नगरी हो आयोध्या सी गीत की सराहनीय प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान ही मुख्य प्रस्तुति के रूप में भव्य रामालीला का मंचन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुशील कुमार मिश्रा ने बच्चों को बेहतर शिक्षा के नवीनतम शैली एवं शिक्षण सम्बधी आधुनिक सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया । स्कूल की प्रबंधक श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने भी बच्चे को गणतंत्र दिवस की महत्ता को विस्तार से बताते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने भी गणतंत्र दिवस एवं संविधान के बारे में चर्चा किया और विद्यालय की प्रगति एवं अनुशासन को देखते हुए कहा कि यह विद्यालय नवीनतम होते हुए भी पुराना विद्यालय प्रतीत होता है। उरुवा ब्लाक में विद्यालय को सर्वोत्तम एवं अग्रणी बताते हुए उन्होंने विद्यालय के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम को सफल बनने में मुख्य रूप से विशाखा, पवन एव जुवेरिया इबकार का योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षक श्रृजन मिश्रा, सत्यम सिंह राजपूत, अंकुर सिंह, पवन सर जुवेरिया इबकार एवं समस्त शिक्षक गणों का विशेष योगदान रहा।

# नैनी में उप प्रभारी के आवास पर धूमधाम से मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस




**नैनी।** नैनी गणतंत्र दिवस प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है जगह-जगह रैली निकाल कर गणतंत्र दिवस की लोग बधाइयां देते हुए नजर आए। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम परिवार की ओर से नैनी उप प्रभारी के आवास पर कार्यालय में हर्षो उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के एलाउंसर इकराम उल्ला, ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में एसपीओ टीम के सभी सम्मानित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सदस्य सम्मिलित रहे इस बीच उपप्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली ने सभी का अभिवादन किया। वहीं गणतंत्र दिवस पर एसपीओ टीम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशासन यमुनापार के उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना नैनी से संबन्धित समस्त चौकी प्रभारियों पीडीए चौकी प्रभारी जन्मेजय, रामानन्द विश्वकर्मा, जेल चौकी प्रभारी भूपेन्द्र सिंह चौहान, उपनिरिक्षक धर्मेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक सुनील यादव, छिवकी चौकी प्रभारी अमित सिंह, सिपाही संजय सिंह यादव इसके अतिरिक्त व्यापारी दीपक गौड़ को हनुमान चालीसा चिन्ह एवम अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया, तथा एसपीओ टीम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वाली टीम में एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के साथ सहा, थाना प्रभारी मनीष विश्वकर्मा, बलराम मिश्रा पत्रकार, राम जी केसरवानी, विनोद कुमार केसरवानी सम्मिलित रहे। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह एसपीओ थाना प्रभारी रवि मिश्रा सहायक थाना प्रभारी मनीष विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल मेला प्रभारी रामजी जायसवाल बलराम मिश्रा समीर खान प्रदीप कुमार रामजी गौड़ राकेश सोनकर सुशील शर्मा सुरेन्द्र कुमार गुप्ता मो आरिफ अंकित केसरवानी पंकज मलिक अरविंद कुमार आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# मेजा की बेटी डॉ सोनाली शुक्ला ने रायपुर में बीएचएमएस में किया टॉप




**मेजा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल आयुष युनिवर्सिटी रायपुर छत्तीसगढ़ से संबद्ध सी एल चौकसे मेडिकल कालेज विलासपुर में मेजा के क ठौली गांव की बीएचएमएस की छात्रा पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर गांव एवं क्षेत्र के साथ साथ प्रयागराज जनपद का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के कठौली गांव में स्थित वशिष्ठ नारायण पीजी कालेज के प्रबंधक शशी शुक्ला की बेटी डॉ सोनाली शुक्ला जो सन 2022 में उक्त मेडिकल कालेज में बीएचएमएस की छात्रा रही है। बता दें कि शिक्षण के दौरान डॉ सोनाली ने पूरे छत्तीसगढ़ में सावधिक अंक प्राप्त कर न केवल मेडिकल कालेज का नाम रोशन किया है बल्कि गांव क्षेत्र एवं तहसील के अलावा प्रयागराज जनपद का भी गौरव बढ़ाया है। गौरतलब है कि डॉ सोनाली की इस सफलता के लिए आयुष यूनिवर्सिटी के कुलपति डा एके चंद्राकर द्वारा गोल्ड मेडल देकर जहां सम्मानित किया गया है वहीं गांव व आस पास के लोगों द्वारा बधाईयां भी दी जा रही हैं।

# युवा मतदाता भारत का भाग्य उज्जवल बनाने के लिए भाजपा को वोट दें : डा संगम मिश्र




**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा मांडा मंडल की ओर से आयोजित मेजा विधानसभा के ग्राम आंधी में ह्यनमो नवमतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. संगम मिश्र रहे। सम्मेलन में उपस्थिति युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है और इन्हीं बदलावों के बीच नवमतदाता वर्ग को एक और जिम्मेदारी अपने साथ-साथ निभानी है। श्री मिश्र ने कहा कि यह जिम्मेदारी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी की है। उन्होंने आगे कहा कि अगले कुछ सालों में भारत अंतरिक्ष, रक्षा, विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे कई क्षेत्रों में कहां पहुंचेगा यह युवाओं पर निर्भर होगा। हमारी गति, हमारी दिशा, हमारा रुख कैसा होगा, इसका एक बड़ा माध्यम मतदान ही होगा। भविष्य के भारत में आपके लिए संभावनाएं कैसी होंगी इसकी जिम्मेदारी उन लोगों पर होगी जो इस कालखंड में देश की व्यवस्था संभालेंगे। ऐसे में लोगों का सही चुनाव हो यह जिम्मेदारी नौजवान मतदाताओं पर है। डॉ. संगम मिश्र ने कहा कि युवाओं के लिए जरूरी है कि वे भारत का भाग्य उज्ज्वल बनाने के लिए वोट दें। इस दौरान याद रखिएगा की आपका एक वोट और देश के विकास की दिशा, दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। आपका एक वोट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा, भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा, भारत में तेज सुधारों की गति को और तेज गति देगा तथा भारत में डिजिटल क्रांति को और अधिक ऊर्जा देगा। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडा मंडल अध्यक्ष अशोक दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मांडा जीतनारायण श्रीवास्तव, डिघिया मंडल अध्यक्ष सुब्बा लाल प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष डिघिया अखिलेश शुक्ल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मांडा मिथलेश मौर्य, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, दिलीप शुक्ल, भगवान दास कुशवाहा, एस.के.तिवारी अमरेश मिश्र, श्रीकांत शुक्ल, विजय प्रकाश के साथ बड़ी संख्या में युवा, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस पर देश प्रेम गीत गाकर कवियों ने बाधा समा

**झूंसी।** गौरवशाली गणतंत्र दिवस एवं कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आरम्भ पूर्व शिक्षा मंत्री नरेंद्र सिंह गौड़ एवं सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल द्वारा ध्वजारोहण से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष प्रताप सिंह व संचालन कवि शिवम भगवती द्वारा किया गया। जनकवि प्रकाश, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. मृत्रुंजय राव परमार, वाद्येंद्र सिंह, अना इलाहाबादी योगिता सिंह, गरिमा साहू, आदि कवियों ने एक से बढ़ कर एक देशप्रेम के गीत गाकर समा बाध दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल, ब्लॉक प्रमुख हंडिया महेंद्र सिंह मुन्ना, ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेंद्र पटेल, पूर्व प्रमुख राजकुमार सिंह रिंकू, अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला पंचायत जिला सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू, जंग बहादुर मौर्य, प्रधान कोटवा जयराम सिंह, गोपी स्वर्णकार, प्रबंधक जयंत श्रीवास्तव, राम सिंह, हरी सिंह, चंदन सिंह, नविन सिंह पटेल, दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी सारायइनायत पंकज राय आदि उपस्थित रहे। आखिर में विशिष्ट जनों को अंगवास बैठकर सम्मानित भी किया गया।

# एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो जन संवाद में उमड़ा कर्मचारियों का जन सैलाब

**कोराव।** वाराणसी में पूर्वोत्तर रेलवे कोचिंग डीपो के सामने रेलवे मैदान में फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे एलायंस नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम ठटडढर, एनई रेलवे मेंस कॉग्रेस संयुक्त तत्वावधान में एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो *जन संवाद* हजारों पेंशन विहीन रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी के साथ सम्पन्न हुआ। जन संवाद में रेलवे के कई जोनो में कार्यरत रेलवे विभिन्न की यूनियन व कटेरिगकल एसोसिएशन ने भागीदारी किया। जन संवाद को सम्बोधित करते हुए नेशनल मुवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम राष्ट्रीय अध्यक्ष व जन संवाद के मुख्य अतिथि मा. विजय कुमार बंधु ने कहा कि हमें एनपीएस में संसोधन नही हुबहू पुरानी चाहिए,

इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष व जन संवाद के विशिष्ट अतिथि मनोज पाण्डेय ने कहा कि राम को लाने का नाटक बंद करो राम कहि गए नही थे, वो हमेशा हमारे साथ है, गई है तो पुरानी पेंशन जिन्हें लाना हमारा मकसद है

एनई रेलवे मेंस कॉग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष व जन संवाद की अध्यक्षता करते हुए अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि कई वर्षों के संघर्ष के बाद आज सरकारी कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा पुरानी बहाली बना है तभी तो ओपीएस खत्म कर एनपीएस लागू करवाने वाले सरकारी संगठन भी अपनी नौटंकी के साथ सक्रीय हुए हैं रेलवे में मान्यता प्राप्त फेडरेशन रेलवे कर्मचारियों के साथ दोखा कर रही है, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र पाल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन को मुख्य मुद्दा बनाना हमारा लक्ष्य है,ऑल इंडिया लोकों रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन पूर्वोत्तर रेलवे जोनल अध्यक्ष कॉम जे एन शाह और उत्तर रेलवे एलरसा लखनऊ मंडल अध्यक्ष एस एस हांडा ने संयुक्त रूप से कहा कि एलरसा लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करता रहा है, नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे के राष्ट्रीय प्रचार सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा कि लगातार रेल दुर्घटना का मुख्य कारण रेलवे का अंधाधुंध निजीकरण व सरकार के संरक्षण में रेलवे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार है, आगे उन्होंने कहा कि रेलवे के निजीकरण के खिलाफ जारी संघर्ष को आम अवाम की भागीदारी के साथ रोका जायेगा, एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो जन संवाद में उत्तर मध्य रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, एमसीएफ, रायबरेली, बीएलडब्लू - वाराणसी, रेलवे में कार्यरत एलरसा, एस्मा, गार्ड कॉउंसिल,एआईआरटीयू, आरकेटिये, प्वाइंट मैंन, एससी/ एसटी, ओबीसी एसोसिएशन सहित सभी कटेरिगकल एसोसिएशन, डिफेंस कानपुर, बी एच यू, सम्पूर्णानन्द, डॉक विभाग, बिजली विभाग इत्यादि से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भागीदारी किया। रेलवे सेफ्टी सेमिनार और पेंशन जन संवाद की तैयारी जो पहले 21 जनवरी को होना तय था, जिसकी तैयारी रेलवे कर्मचारी कई दिनों से कर रहे थे, लेकिन श्री राम मंदिर न्यास द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा की वजहों से और रेलवे प्रशासन के आग्रह पर जन संवाद की तिथि आगे बढ़ाकर 28 जनवरी की गईं थीं, इतने कम समय मे पुनः तैयारी करना वह भी विपरीत मौसम में बहुत ही कठिन था, लेकिन आज के जन संवाद में हजारों कर्मचारियों की भागीदारी ने जन संवाद को ऐतिहासिक बना दिया।

## बेनतीजा निकली प्रशासन की किसानों से वार्ता

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का धरना-प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने पीपल गांव पावर हाउस पर ही अपना डेरा जमा लिया है। वहीं भोजन बन रहा है और वहीं रहना खाना सब हो रहा है। सैडकों की संख्या में महिला किसान भी प्रदर्शन में शामिल हैं।

**बेनतीजा निकली किसानों से वार्ता :** भारतीय किसान यूनियर के यूवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि धरना-प्रदर्शन स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अधिकारियों ने वातालर्प किया है। वार्ता बेनतीजा निकली। इसके बाद किसानों ने जिला प्रशासन को सोमवार की सुबह 12 बजे तक का समय दिया है। यदि कल तक अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान न किया तो भाकियू अगला निर्णय लेने के लिए बाध्य होगी। हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। आश्वासन पर आंदोलन किसी भी सूरत में समाप्त नहीं होगा। जब तक धरातल पर काम नहीं होगा। हम इसी तरह धरना स्थल पर डटे रहेंगे। प्रशासन के पास कल तक का समय है। इसके बाद अगला निर्णय किसानों का होगा




### युनाइटेड से किसानों की जमीन मुक्त कराया जाए

**प्रयागराज।** यूनाइटेड से किसानों की जमीनों को मुक्त कराया जाए। सदर तहसील के ग्राम सभा सैदपुर मे 2013 में केन्द्र सरकार राजीव गांधी विद्युती करण परियोजना, जिसमें गरीब तपके के लोगों को निशुल्क बिजली कनेक्शन दिया गया था। इसमें 30 से अधिक लोगों के घर पर मीटर लगाया गया, लेकिन उनके घर तक ना बिजली पहुंची ना बिजली। किसानों को केवल बिजली का बिल दिया गया।अनुज सिंह ने बिजली के बिल माफ करने, जलालपुर घोसी में किसानों के घरों के ऊपर से जा रहे 11000 हाईटेंशन लाइन के तार को हटाने, दामुपुर गांव में 15 दिन पूर्व जले ट्रांसफार्मर को बदलने, असरावेखुर्द गाव में किसान के खेत में लगाई गई 440 वोल्ट सप्लाई को मेड पर लगाने, पीपल गांव में अराजी संख्या 256 पर किसानों की जमीन पर दबंगो द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया गया, जिसे कब्जा मुक्त करा कर किसान को दिया जाए जैसी मांगों को प्रशासन के सामने रखा है। इसके अलावा रावत पुर स्थित यूनाइटेड मेड सिटी के मालिक सतपाल गुलाटी द्वारा किसानों की 25 बीघे जमीन 4 जबरन बिल्डिंग- सड़क- और समतल कर लिया गया, जिसे कब्जा मुक्त कराया जाए। यह धरना किसान मजदूर से संबंधित समस्याओं को लेकर है।





## नैनी सेंट्रल जेल पहुंचे कारागार मंत्री

**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में पहुंचे कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति केंद्रीय कारागार नैनी। जेल पहुंचे मंत्री को गार्ड आफ आनर दिया गया। मंत्री ने जेल में बंदियों को कंबल और धार्मिक पुस्तकें बांटी, साथ ही उनसे संवाद भी किया। गणतंत्र दिवस के बाद हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बंदियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया गया। रविवार को कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति नैनी केंद्रीय कारागार पहुंचे। कारागार पहुंचने पर अतिरिक्त प्रभारी जेल राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंगबहादुर समेत अन्य डिप्टी जेलरों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। जेल मंत्री ने जेल में काफी समय से सजा काट रहे बंदियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया। इसके अलावा मंत्री ने बंदियों को हनुमान चालीसा की पुस्तके भी दीं। मंत्री ने बंदियों से संवाद कर उनका हाल जाना। जेल मंत्री ने जेल की व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए बंदियों को बेहतर सुविधा देने का निर्देश भी दिया।

### व्यापारियों ने पीडीए की कार्रवाई पर जताया रोष

**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल, नैनी व्यापार मंडल व भाजपा कार्यकताओं की रविवार को बैठक हुई। बैठक में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर लेप्रोसी से मेवालाल की बगिया तक की जा रही सड़क चौड़ीकरण पर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। मुख्यपमंत्री को पत्र भेजकर मांग की गई है जिसमें लेप्रोसी मिशन से मेवालाल बगिया चौराहे तक 12 मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जाए। यदि इससे अधिक चौड़ी करते हैं तो सैकड़ों मकान टूटने के दायरे में आ जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सुभाष चंद्र केसरवानी, अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, भाजपा नेता विनोद जायसवाल, भाजपा नेता नरसिंह, अशोक अग्रवाल, बैजनाथ गुप्ता, रमेश केसरवानी, लल्लू गुप्ता व राजेश चौरसिया आदि मौजूद थे।

## कवि व कला का सृजन करता है उत्कर्ष लोक कला संस्थान : कमलेश चन्द्र यादव

**फूलपुर।** लोक परंपराओं का ह्रास होना आज हमारे सामाजिक जीवन के पतन का कारण बन रहा है। कवि व कलाकार हमारे जीवन में सामाजिक चेतना को जागृत कर हमें नई दिशा प्रदान करते हैं। उत्कर्ष लोककला संस्थान युवा कवि व कलाकारों का सृजन करता है। यह बातें बगई खुर्द में पारंपरिक लोकगीत गायन प्रस्तुति कार्यक्रम में उपस्थित गायक कलाकारों को संबोधित करते हुए भारतीय लोक कला महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश चंद्र यादव ने रविवार को कहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के समय देश के वीरों को नई चेतना लाने का काम देश के कवि व कलाकारों ने किया था। आज भी सामाजिक कुरीतियों को कवि व कलाकारों ने अपने गायन व गीत के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया है। उत्कर्ष लोक कला संस्थान उत्तर प्रदेश की पारंपरिक लोकगीत विधा को युवाओं में सृजन कर एक अलग पहचान दे रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत लोक गायिका सुमित्रानंदनी ने अपने देवी गीत पचरा से प्रारंभ किया।




गायक सुरेश पाल ने 'बलमुआ चला गंगा नहाई आई, गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। प्रतापगढ़ से आयी नवोदित गायिका श्वेता यादव ने सामाजिक कुरीतियों पर संदेश देते हुए अपने बिरहा गायन से लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। गायक संदीप यादव, विमलचंद्र, जंगबहादुर, बालकान्त, प्रदीप यादव निराला, कमला शंकर व मदन सिंह ने अपने पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से समा बांध दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी कृपा शंकर शुक्ला व नागेंद्र मोहन मिश्र ने किया।आयोजक गुलाब चंद्र मौर्य ने आए हुए सभी अतिथियों व कलाकारों को अंग वस्त्रम, व प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया। इस मौके लोकगीत गायक रामचंद्र तूफानी, मेवालाल हलचल, डॉ दीप चंद्र प्रजापति, राम सुमेर पाल, अभय राज यादव, विष्णु देव यादव, धीरेंद्र सिंह यादव बेला सिंह, प्रताप बहादुर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय लोक कला महासंघ के जिलाध्यक्ष गुलाब चंद्र मौर्य व संचालन लोकगीत गायक कमल चंद्र यादव ने किया।

### छह महीने में नहीं मिला लापता युवती का सुराग, अब लिखा मुकदमा

**प्रयागराज।** कोतवाली क्षेत्र में एसआरएन के बाहर से रहस्यमय हालात में गायब युवती का छह महीने बाद भी सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने अब अपहरण के आरोप में अज्ञात पर केस दर्ज किया है। एसबी पांडेय ग्राम-चन्दापुर, थाना-भीटी, जनपद-अम्बेडकर नगर के रहने वाले हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया था कि तीन जुलाई 2023 को उनके पिता स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान पांच जुलाई को उनका निधन हो गया। इसके बाद से उनकी बहन 22 साल की अंकिता पांडेंय संदिग्ध हाल में गायब हो गई। वह हैदराबाद में रहकर नौकरी करती थी और वहां से पिता को देखने चार जुलाई को एसआरएन अस्पताल आई थी। पिता की मौत के बाद शाम पांच बजे वह गायब हो गई। कोतवाली पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुटी थी। हालांकि छह महीने बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। अब जांचकर्ता दरोगा की रिपोर्ट के आधार पर युवती के अपहरण का केस दर्ज किया गया है। कोतवाली इंस्पेक्टर रोहित कुमार तिवारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## ममेरे देवर ने की थी आशा कार्यकर्ता की हत्या

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट क्षेत्र में काठगांव निवासी आशा कार्यकर्ता गीता देवी(19) की हत्या उसके ही ममेरे देवर त्रिभुवन उर्फ मझिला ने की थी। 19 जनवरी को उसने उसे मिलने के लिए लेकर वह उससे नाराज था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एयरपोर्ट क्षेत्र के काठगांव में ससुरखदेरी नदी के पास 20 जनवरी को संदिग्ध हाल में महिला मृत पड़ी मिली थी। गांव के ही रहने वाले राजेंद्र कुमार की पत्नी गीता देवी के रूप से उसकी पहचान हुई थी। परिजनों ने बताया कि वह 19 जनवरी की दोपहर से गायब थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक गला दबाकर उसकी हत्या की गई थी।पुलिस के मुताबिक, मृतका के परिजनों ने उसका कोई सामान गायब होने की बात नहीं बताई थी। हालांकि जांच पड़ताल में पता चला कि वह मोबाइल रखती थी। उसका कॉल डिटेल विवरण खंगाला गया तो त्रिभुवन का नाम सामने आया जो उसके ही गांव का रहने वाला था। उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने हत्या करने की बात कबूल ली। पुलिस के मुताबिक, बताया कि वह आशा कार्यकर्ता का ममेरा देवर है जिससे अक्सर वह बातें करता था। पिछले कुछ दिनों से वह उसे नजरअंदाज करने लगी थी। यह भी पता चला कि वह किसी अन्य से बात करती है तो उसने मना किया। इसके बाद भी वह नहीं मानी। घटना से कुछ दिन पहले भी इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। 19 जनवरी को उसने बहाने से उसे मिलने ससुरखदेरी नदी के पास बुलाया। वह पहुंची तो दोनों में फिर विवाद हो गया। इसी दौरान उसने उसने उसका गला दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतका का मोबाइल, पर्स,चप्पल पास ही स्थित कुएं में फेंककर वह भाग निकला। एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### मोबाइल की दुकान में सेंधमारी करके चोरों ने लाखों का माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा है।किरांव स्थित मोबाइल की दुकान में सेंधमारी करके चोरों ने मोबाइल, इन्वाइटर, कम्प्यूटर, नगदी सहित दो लाख के उपर चोरी करने में सफल रहे। सुबह चोरी की घटना का पता लगाने पर दुकानदार ने इसकी लिखित तहरीर थाने में दी। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक सईदउद्दीन उर्फ पूरे मातादीन किरांव निवासी गोविन्द कुमार पुत्र स्वर्गीय नागेन्द्र प्रसाद चौराहे पर मोबाइल की दुकान खोले हुए हैं। बताया गया है कि बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे सेंधमारी करके 50सादा मोबाइल,और पुराना टच मोबाइलों, कैमरा, इन्वाइटर, कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि के अलावा साढे चार हजार रूपया नगदी लगभग दो लाख के सामानों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए। रविवार को सुबह दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई। दुकानदार गोविन्द कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।इसके पूर्व कुलदीप निवासी रमना मानी उमरपुर की सरपताही नहर स्थित मोबाइल की दुकान में ठीक इसी प्रकार 12अगस्त को चोर चोरी करके चार लाख की चोरी किए थे।जिसका मुकदमा 26जनवरी को लिखा गया।अभी तक उस चोरी का खुलासा नहीं हो पाया था कि चोरों ने फिर लाखों रूपया की चोरी कर ले गए।



### शासन के तमाम रोक के बावजूद मऊआइमा क्षेत्र में अवैध ढंग से मिट्टी का खनन चल रहा है



**मऊआइमा।** तमाम रोक के बावजूद मऊआइमा क्षेत्र में मिट्टी का खनन जेसीबी से जारी है।इलाकाई पुलिस की मिली भगत से अवैध कारोबार चल रहा है। मऊआइमा क्षेत्र में अवैध ढंग से जेसीबी और ट्रैक्टर से मिट्टी का नाजायज खनन चल रहा है। बताया गया है कि ग्राम घीनपुर, तिलई बाजार,, नौगिरा, कस्बा सहित अनेकों गांवों में ट्रैक्टर दिन रात मिट्टी का खनन करने में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हल्का के पुलिसकर्मियों की मिली भगत से ही उक्त अवैध खनन चल रहा है।इसके पूर्व खनन माफियाओं द्वारा सिंसई सिपाह में मनसैयता नदी में अवैध खनन दिन रात कर रहे थे। अधिकारियों ने तो अवैध खनन को रूकवा दिया परन्तु आज तक माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### स्वजातीय धर्मशाला अरैल में ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं प्रांतीय अध्यक्ष का स्वागत समारोह संपन्न



**कौंधियारा** कान्यकुब्ज भुर्जी वैश्य सभा प्रयागराज के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वजातीय धर्मशाला अरैल में ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं प्रांतीय अध्यक्ष का स्वागत समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण दास गुप्ता नाथू भोजवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओं द्वारा राकेश मोहन गुप्ता भोजवाल को माला पहनाकर प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। तथा जारी निवासी विष्णु गुप्ता भोजवाल को जमुनापार प्रभारी नियुक्त किया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता भोजवाल बैग हाउस तथा आयोजक दिनेश गुप्ता (छेदी) भोजवाल के साथ जवाहरलाल गुप्ता भोजवाल, वरिष्ठ समाजसेवी रामचंद्र गुप्ता भोजवाल बाबा जी,सुरेंद्र गुप्ता भोजवाल, के सी गुप्ता भोजवाल नैनी, अधिवक्ता हरिश्चंद्र गुप्ता भोजवाल, अरविंद गुप्ता भोजवाल, प्रकाश चंद गुप्ता बबलू भोजवाल, गंगा गुप्ता भोजवाल, योगी शंकर लाल गुप्ता भोजवाल, लाल गुप्ता नंदू भोजवाल, कृष्ण गुप्ता भोजवाल, हरिओम गुप्ता भोजवाल, शिवकुमार गुप्ता आकाश भोजवाल, एडवोकेट विशाल गुप्ता भोजवाल तथा तमाम भुर्जी समाज के समाजसेवी मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर देश प्रेम गीत गाकर कवियों ने बाधा समा



**झूंसी।** गौरवशाली गणतंत्र दिवस एवं कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आरम्भ पूर्व शिक्षा मंत्री नरेंद्र सिंह गौड़ एवं सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल द्वारा ध्वजारोहण से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष प्रताप सिंह व संचालन कवि शिवम भगवती द्वारा किया गया। जनकवि प्रकाश, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. मृत्रुंजय राव परमार, वाद्येंद्र सिंह, अना इलाहाबादी योगिता सिंह, गरिमा साहू, आदि कवियों ने एक से बढ़ कर एक देशप्रेम के गीत गाकर समा बाध दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल, ब्लॉक प्रमुख हंडिया महेंद्र सिंह मुन्ना, ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेंद्र पटेल, पूर्व प्रमुख राजकुमार सिंह रिंकू, अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला पंचायत जिला सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू, जंग बहादुर मौर्य, प्रधान कोटवा जयराम सिंह, गोपी स्वर्णकार, प्रबंधक जयंत श्रीवास्तव, राम सिंह, हरी सिंह, चंदन सिंह, नविन सिंह पटेल, दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी सारायइनायत पंकज राय आदि उपस्थित रहे। आखिर में विशिष्ट जनों को अंगवास बैठकर सम्मानित भी किया गया।

## गणतंत्र दिवस : इंदुस्थली एवं इको इंडिया ने आयोजित किया शौर्य अभियान डायरी

**प्रयागराज।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम शौर्य अभियान डायरी के अंतर्गत गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण समारोह का आयोजन इंदुस्थली फाउंडेशन एवं इको इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा सोहबतियाबाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अयोजन सेवा निवृत्त उ्क्र्क्ष जयंत पॉल जी के मार्गदर्शन में किया गया। डा. संदीप सेठ (सिद्धार्थ), अखिलेश कुशवाहा, सुजल कृष्णा और अभिषेक सिंह' यायवार' व अन्य साथियों और सहयोगियों जिनमें प्रमुख रूप से मोहित सिंह, अनुभव, शांतनु मिश्रा, अमरेंद्र कुमार, निर्मल के प्रयास से धूमधाम से सम्पन्न हुआ कार्यक्रम



में सुबह से चहल पहल रही जिसमें सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को मिष्ठान वितरित किया गया। बच्चों के लिए टाफी एवं बिस्किट का प्रबंध किया गया था।

## शादी के घर से चोरी की वारदात

### मंडप से दुल्हन के 2.25 लाख के गहने और 60 हजार रुपए कैश उड़ाए, पर्स काटकर की गई चोरी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शादी के मंडप से चोरों ने दुल्हन का बैग ही पार कर दिया। बैग में दुल्हन के 2.25 लाख रुपए के गहने और 60 हजार रुपए कैश रखा था। चोरी बड़े बैग को काटकर बड़ी ही सफाई से की गई। बैग काटा और उसमें रखा छोटा बैग पार कर दिया। पीड़ित दुल्हन की बड़ी बहन कोमल साहू ने जार्जटाउन में रिपोर्ट लिखाई है।एसओ जार्जटाउन का कहना है कि तहरीर मिली है। सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। जल्द ही पुलिस चोरों को गिरफ्तार करेगी।

**27 जनवरी को थी शादी**

दुल्हन अंजलि साहू की बहन को कोमल साहू ने तहरीर में बताया, मेरी बहन की शादी 27 जनवरी को तुलाराम बाग में गीता निकेतन के सामने संगम गेस्ट हाउस में थी। बारात नैनी से आई थी। द्वारचार हो रहा था। रात 11 बजे के करीब मेरी मां और मेरी बहन के पर्स से जब देखा गया तो गहने और कैश गायब थे। दोनों पर्स को बड़ी ही सफाई से ब्लेड से काटकर उससे चोरी की गई थी। मेरी मां के बैग में दुल्हन की माथ बेदी, दुल्हे की सोने की चेन, कान का झुमका, नथिया और 40 हजार रुपए कैश गायब मिला। मेरी मौसी के बैग से भी पर्स काटकर 20 हजार रुपए गायब कर दिए। काफी खोजबीन करने के बाद जब कुछ नहीं पता चला तो जार्जटाउन पुलिस को सूचना दी। एफआईआर लिखवाया है।

**सीसीटीवी कैमरे में साफ नहीं आ रही तस्वीर, 3 पर शक :**

कोमल ने बताया, सीसीटीवी कैमरे में जो तस्वीर आ रही है। वह साफ नहीं है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगाला है। तीन लोगों पर शक जताया गया है। हम तीन लोगों को पहचान नहीं पा रहे हैं। तस्वीर साफ न होने के कारण थोड़ा मुश्किल आ रही है। आसपास के और सीसीटीवी कैमरों की तलाश की जा रही है।

**बहन ने अपने गहने दिए तब हुई शादी :** दुल्हन के गहने गायब होने के बाद शादी के मंडप में हड़कंप मच गया। शादी के मंडप में इस तरह गहने चोरी होने से समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या करें किसको क्या बताएं लड़के वाले क्या सोचेंगे? फिलहाल लड़के वालों को जानकारी दी गई। बिना गहनों के बेटी को कैसे विदा करें यह चिंता सताने लगा। इन्हीं सब उधेड़बुन में परिवार देर रात तक फंसा रहा। बड़ी बहन ने कहा, बहन की शादी गहनों के बिना नहीं रुकेगी। मैं अपने गहने पहनाकर बहन को विदा करूंगी। इसके बाद शादी के मंडप में उसकी बहन के फेरे हुए और लड़की विदा हुई।

### झूंसी में चोरो के आतंक से लोग भयभीत

**महीने भर में दर्जनों कार की बैटरी गायब, कई घरों के टूटे ताले**

**झूंसी।** स्थानी थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि चोर आए दिन किसी न किसी मकान, दुकान व कार को निशाना बना रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। स्थानीय लोगो की माने तो माह भर में चोरो ने दो दर्जन से अधिक कार से बैटरी चुरा चुके है। तीन दिन पहले भी आजाद नगर निवासी अरविंद कुमार द्विवेदी की कार की बैटरी चोरो ने बोनट तोड़ कर चुरा ली। बीते 24 जनवरी को आवास विकास कालोनी योजना 3 निवासी अमरेंद्र सिंह के घर का ताला तोड़ चोरो ने एक लाख बीस हजार की नगदी व करीब तीन लाख के जेवरात समेट कर फरार हो गए। लेकिन पुलिस अब तक एक भी चोरी का खुलाशा नही कर पाई है। जिसकी वजह से लोगो मे पुलिस के प्रति आक्रोश है।

## झूंसी थाने की साइबर हेल्पडेस्क ने ऑनलाइन ठगी की रकम कराई वापस



**झूंसी।** झूंसी थाना परिसर में स्थित साइबर हेल्प डेस्क की टीम ने पीड़ित से धोखाधड़ी कर ठगी की गई हजारों रूपए की धनराशि को रविवार को वापस कराया गया। ठगी की रकम वापस होने पर पीड़ित साइबर हेल्प डेस्क टीम का धन्यवाद किया। झूंसी थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना-3 में रहने वाले तनिष्क शुक्ला पुत्र जगदीश नारायण शुक्ला 08 जनवरी 2024 को को साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी करते हुए आनलाइन गेमिग एप्प के माध्यम से उन्हे आईडी विक्रय करने के नाम पर 12 हजार रूपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिये थे। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित तनिष्क शुक्ला ने एनसीआरपी पोर्टल के पर शिकायत की थी। जिसपर झूंसी थाने की साइबर सेल टीम कार्रवाई करते हुए पीड़ित का ठगी हुआ 12 हजार रविवार को वापस करा दिया गया।शिकायतकर्ता ने साइबर सेल का धन्यवाद किया है।

# सभी अधिकारी अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों को समझें: जिला निर्वाचन अधिकारी

## डीएम ने हेतु सेक्टर एवं पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बल्नरेबिलिटी मैपिंग की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में समस्त सेक्टर आफिसर व सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ संई काम्पलेक्स पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल सायंकाल बैठक/प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सहित सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं सेक्टर आफिसर एवं पुलिस सेक्टर आफिसर उपस्थित रहे।



पुलिस मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

बैठक में जिलाधिकारी ने सेक्टर आफिसर तथा सेक्टर पुलिस आफिसरों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में आप सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और जिनके जो दायित्व है उसको भलिभांति समझना, अध्ययन करना एवं समय से समस्त कार्यवाही पूर्ण करना सभी की जिम्मेदारी है। विधानसभा क्षेत्रवार जिनकी ड्यिूटी लगायी है उस क्षेत्र के अन्तर्गत अतिसंवेदनशील बूथों का भ्रमण करें और वहां पर जो समस्यायें पिछले चुनाव में आयी है उसको निर्धारित प्रारूप पर सूचना भरकर समय से उपलब्ध करायें, सभी अधिकारी गांवों/मजरों में जाकर इस बात की जानकारी प्राप्त करें कि किसी भी व्यक्ति द्वारा भय, धमकी या लालच पूर्व के निर्वाचनों में दिया गया हो तो ऐसे व्यक्तियों का नाम नोट कर अपने सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के उपजिलाधिकारी को उपलब्ध करायें और लोगों को जागरूक करें कि बिना किसी भय, लालच, प्रलोभन के बहकावे में न आये और आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि यदि किसी विधानसभा क्षेत्र में अतिसंवेदनशील बूथों पर पूर्व में यदि किसी भी प्रकार की घटना घटित हुई है तो उसकी सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि मतेदय स्थलों का निरीक्षण करें कि वहां पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचायल आदि की व्यवस्था है या नही की सूचना उपलब्ध करायें। विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें जिससे जनपद के मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके। उन्होने निर्देशित किया कि विधानसभा क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान सेक्टर अधिकारियों के साथ एक पुलिस कर्मी अवश्य लगाये जाये जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में जिन लोगों को जिला बदर किया गया है वे जिले की सीमा से बाहर रहें यह सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने सेक्टर मजिस्टेज्टों को निर्देशित किया कि अपने स्थानीय कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर अवश्य नोट कर लें जिससे निर्वाचन के समय किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल समस्या का समाधान दिया जा सके। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि जिन कार्मिकों का डाटा निर्वाचन पोर्टल पर अभी तक फीड नही किया गया है वह जल्द से जल्द फीड करायें अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# मातृ सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देख भावविभोर हुए लोग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रविवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद्मजा मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरती द्विवेदी, प्रधानाचार्य शोभा श्रीवास्तव व माधुरी ओझा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया।

छात्रों ने पढ़ेंगे लिखेंग बनेंगे नवाब, मेरे घर राम आए हैं, मीठे रस से भरो री राधा रानी, आया झूम के बसंत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मन मोहा। प्रियांशी का एकल नृत्य सावधान नारियां पर जमकर तालियां बजी। छात्राओं द्वारा बनाया गया पिरामिड देख लोग आश्चर्यचकित हो उठे। अतिथियों द्वारा मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए विद्यालय की व्यवस्थापिका माधुरी ओझा ने यहां मौजूद माताओं ने कहा कि बच्चों को पठन पाठन समेत किसी प्रकार की समस्या आती है, तो विद्यालय में उसका तत्काल समाधान कराया जाएगा। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह ने अतिथियों का स्वागत व प्रमोद कुमार पांडेय ने संचालन किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केशवराम ओझा, उमेशपाल मिश्रा, बंसत मिश्र, हर्षद शुक्ल, मधुकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

## वेलफेयर एसोसिएशन का धरना पांच फरवरी को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिक्षक शिक्षणेत्तर वेलफेयर एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन 5 फरवरी 2024 को जंतर मंतर पर दिल्ली में विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित किया जाना है, जिसके लिए दिल्ली प्रशासन द्वारा 10 बजे से एक बजे तक 5 फरवरी को अनुमति प्रदान की गई है। यह जानकारी श्याम कृष्ण द्विवेदी संरक्षक केजीबीवी वेलफेयर एसोसिएशन ने दी।

## किशोरी के साथ छेडछाड़, आरोपितों के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड को लेकर आरोपियो के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के दौलतपुर अमावां निवासी श्याम बहादुर वर्मा के पुत्र राकेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस जनवरी को साढे ग्यारह बजे रात उसकी पुत्री घर में सो रही थी। इस बीच आरोपी अमावां गांव का संतोष वर्मा का पुत्र गोलू उर्फ अरूण उसके घर में घुस आया। आरोपी ने उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर खींचते हुए उसके साथ छेडखानी करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। घटना को लेकर पीडित परिजनो ने गोलू की चाची सुशीला पत्नी लवलेश से उलाहना दिया तो शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर छेडछाड व धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी को शीघ्र हिरासत मे लेकर जेल भेजा जाएगा।

### पालतू कुत्ते ने चिकित्सक सहित कई लोगों को काटा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला महुली माधोगंज में प्रेम होम्यो क्लीनिक के बगल एक पालतू कुत्ते ने कई लोगों को काट लिया है, जिसमें क्लीनिक के चिकित्सक डा0 प्रेम शंकर को भी कुत्ते ने काटा है, लेकिन पालतू कुत्ते के कर्ता-धर्ता अभी तक उसको काबू में नहीं कर पा रहे हैं। इससे लोगों में रोष है। कुत्ता काटने पर लोग इंजेक्शन लगवाने के लिये परेशान हैं। शहर के मुख्य मार्ग पर इस तरह की हो रही घटनाओं पर कार्यवाही की लोगों ने मांग की है।

# मोबाइल शाप की दुकान के शटर का ताला तोड़कर तीन लाख की चोरी, मचा हड़कंप

व्यापारियों में आक्रोश,नवागत थाना प्रभारी को चोरो ने दी चुनौती

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां पाईकगंज बाजार मे रेलवे फाटक के निकट शनिवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने मोबाइल शाप की दुकान का शटर का ताला तोड़कर लगभग 3लाख रुपये का कीमती महगें मोबाईल व मशीन चुरा ले गये। घटना की जानकारी होने पर ब्यापारियों की भारी भीड़ जमा हो गई घटना की जानकारी मिलने पर नवाबगंज थाना प्रभारी अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी किया।

मालूम हो कि थाना क्षेत्र के पांवापुर निवासी सुशील कुमार सोनी परियावां रेलवे फाटक निकट मुन्ना चक्की के कमरे मे किराये की दुकान मे देव मोबाईल शाप एव रिपेयरिंग सेंटर की दुकान खोल रखी है रविवार की सुबह सुनील अपने भाई सुशील के साथ अपने घर से लगभग साढ़े दस बजे दुकान खोलने के लिए आया तो शटर मे बंद ताला गायब देखकर हड़बड़ा गया और जैसे ही शटर को खोला कि सामने आलमारी व काउंटर मे रखे दो लैप टाप व एक मशीन व टच व कीपैड महगें दर्जनो मोबाइल व सिलिप कवर कीमती मशीन गायब देख हक्का बक्का रह गया दुकान मे केवल प्लास्टिक मोबाईल कवर छोड़ गये चोरी की जानकारी होते ही ब्यापारियों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी सुनील सोनी ने फोन से नवागत थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर को फोन पर दी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुँचे और दुकानदार सुनील व सुशील सोनी से चोरी गये सामान के बारे मे पूछताछ किया दुकानदार के मुताबिक चोरी गये सामान की कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई मौके पर पहुंची पुलिस पास मे लगे ब्रेकरी दुकानदार बाबूलाल पाल व रिंकू शुक्ला व विमल सोनी के दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी को देखा जिससे कुछ पता नही चल सका। इसके बाद रेलवे फाटक के खम्भे मे लगा चार सीसीटीवी फुटेज को रेलवे केबिन मे लगे टीवी कैमरा मे देखा जिससे कुछ पता नही चल सका घटना को लेकर ब्यापारियों मे इस बात का आक्रोश है कि रात मे पिकेट पुलिस की गश्त न होने से चोरो ने बड़े आराम के साथ घटना को अंजाम दिया जिसकी भनक आस पास मे रह रहे घर वालो को भी पता नही चल सका घटना की तहरीर सुनील सोनी ने पुलिस को दिया पुलिस जाँच पड़ताल मे लगी हुई है। रविवार की दोपहर कुछ मोबाईल धारक जो अपना मोबाईल बनने के लिए दिये थे उसे जब लेने आये तो पता चला कि दुकान मे रखा सभी मोबाईल चोरी हो गया यह सुनकर हक्का बक्का रह गये। बता दे कि लगभग तीन साल पहले अज्ञात चोरो ने बाबूलाल पाल की दुकान में नगदी सहित लाखो की चोरी की थी जिसका आज तक पुलिस खुलासा नही कर सकी अब देखना है नवागत थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर को चोरो ने जो चुनौती दी है उसका कब तक खुलासा करती है या फिर मामले को इतिश्री करके कुंडली मारकर बैठ जाती है यह तो समय आने पर पता चलेगा बहरहाल नवागत थाना प्रभारी के लिए यह एक बड़ी चुनौती चोरो ने दी है जो पुलिस के लिए चुनौती है घटना को लेकर जंहा ब्यापारियों मे हड़कंप मचा हुआ है वही लोगो मे आक्रोश भी व्याप्त है। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया दुकान की शटर मे लगा दोनो ताला गायब मिला यदि ताला को यदि काटा जाता तो शटर की कुंडी मे काटने के निशान मिलते मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है।



घटना के बारे में दुकानदार से पूछताछ करती नवाबगंज पुलिस।

### रेलवे फाटक पर लगा सभी सीसीटीवी बना शो पीस

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाइक गंज बाजार के रेलवे फाटक पर तत्कालीन थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी द्वारा पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चार सी सी टी वी लगाए थे जो बीती रात मोबाईल की दुकान मे हुई लम्बी चोरी की घटना कैमरे मे कैद नही हो सकी जिससे यह साफ पता चलता है कि केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए लगाया गया है।

# मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

मदरसा प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में गणतंत्र दिवस पर धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदरसे में ध्वजारोहण प्रबंधक जनाब मेराज अहमद हबीबी ने किया। ध्वजारोहण के बाद मदरसा के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसे सुनकर आए हुए अभिभावकों ने खुशी जाहिर की। छात्रों द्वारा जहां नाते-शरीफ पढ़ा गया वहीं छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत गाया गया।

इस दौरान प्रबंधक जनाब मेराज अहमद हबीबी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आता है। ऐसे कार्यक्रम करने से बच्चों में नया उत्साह आता है। इस दौरान प्रधानाचार्य मौलाना जनाब मुख्तार अहमद हबीबी ने शहीद हुये वीर सपूतों को नमन किया और कहा कि हमारा भारत देश अनेकता में एकता को समेटे हुये है। उन्होने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है, अपने माता पिता की सेवा करें, उनका आदर करें तभी तरक्की होगी, उन्होंने बच्चों से ईमानदारी और लगन पूर्वक कार्य करते रहने की अपील की। इस मौके पर मौलाना सलीम, मो0 इरशाद, रेहान अहमद, मौलाना अख्तर, मौलाना अनीस, हाफिज दाऊद, महताब आलम, एजाज अहमद, रिजवान अहमद, कदीम अहमद, मो0 फिरोज आदि लोग मौजूद रहे।



मदरसा में ध्वजारोहण करते प्रबंधक मेराज अहमद हबीबी।

### कस्तूरबा में 46 लोगों को भेजा गया नियुक्ति पत्र

**प्रतापगढ़।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 46 लोगों को नियुक्त किया गया है। इनका नियुक्ति पत्र शनिवार को उनके घर भेजने के साथ ही एनआईसी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के न मिलने के कारण 10 सीटें अभी भी रिक्त हैं। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को छह फरवरी को विद्यालयों के आवंटन के लिए बुलाया गया है।



कोतवाली परिसर में बैठक करते एएसपी संजय राय।

## लालगंज कोतवाली में एएसपी ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने पश्चिमी क्षेत्र के लालगंज कोतवाली में कई थानाध्यक्ष एवं प्रभारी निरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने सभी थाना अध्यक्षों को क्षेत्र में सतर्कता से नजर बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने विवेचनाओं को जल्द ही निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने हेतु निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों को सम्मान से बैठकर उनकी समस्या सुनी और निस्तारण करें। इस मौके पर थानाध्यक्ष सांगीपुर विवेक कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष उदयपुर राधे बाबू, प्रभारी निरीक्षक लीलापुर नीरज यादव, संग्रामगढ़ प्रभारी निरीक्षक एवं लालगंज प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित मौजूद रहे।

# 75वें गणतंत्र दिवस पर वृद्धाश्रम महुली में हुए विभिन्न आयोजन

## झंडा रोहण कर वृद्ध दादा-दादी संग मनाया गया पर्व

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 75वें गणतंत्र दिवस पर वृद्धाश्रम महुली में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाजसेवी व एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने झंडा रोहण कर 26 जनवरी के पर्व पर वृद्ध दादा-दादी का आशीर्वाद लिया। वृद्धजनों ने गणतंत्र दिवस पर अपने-अपने विचार रखे।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि कार्यक्रम तो हर जगह हो रहे हैं लेकिन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध दादा दादी के साथ झंडारोहण कर मन को बहुत तसल्ली मिली है। हर पर्व की सार्थकता तभी है जब समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को मान मिले। आज गणतंत्र दिवस के 75 वें गणतंत्र दिवस पर वृद्ध दादा दादी के चेहरे पर खुशी लाना ही मेरा उद्देश्य था। मैं वृद्धाश्रम परिवार का भी आभार जताता हूं जिन्होंने ऐसे पर्व पर वृद्धजनों का सम्मान किया। वृद्धाश्रम के प्रबंधक ने कहा कि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा किए जा रहे वृद्धजनों के लिए हर कार्य में वृद्धाश्रम परिवार पूरा सहयोग करेगा। इस अवसर पर मानसिंह, आशीष कुमार, आदर्श कुमार, प्राची गुप्ता, पीहू गुप्ता, राकेश कुमार, विजय बाबू, अमन गुप्ता, विवेक कुमार, विकास कुमार, ऋषभ, सूरज कुमार, जय राम दादा, शिव बाबू, गयादीन, हीरालाल, लाल जी, राम बोध, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह, संतोष कुमार, मेवा लाल, आशिक अली, रामचंद्र, रामकुमार, शीला, अनारकली, प्रभु देवी, अमरावती, आरती आदि उपस्थित रहे।



वृद्धाश्रम में ध्वजारोहण करते मुख्य अतिथि।

# आवासीय पट्टे निरस्त करने की एसडीएम ने भेजी जांच रिपोर्ट

सीआरओ से ग्रामीणों ने की थी अनियमिता की शिकायत, जांच में मिली सत्यता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुख्य राजस्व अधिकारी के निर्देश पर एसडीएम द्वारा आवासीय पट्टे के आवंटन मे हुई अनियमिता की शिकायत की जॉच की गई। जॉच में मामला सही पाया गया। एसडीएम पट्टे को निरस्त करने की रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेज दी है।

स्थानीय तहसील के भदारी कला गॉव मे अगस्त 2023 को भूमि प्रबंधक समिति ने 34 व्यक्तियों को आवासीय भूमि पट्टे के लिए प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 27 लोगो को अंतिम रूप से आवासीय पट्टे का आवंटन स्वीकृत हुआ था। गांव के सहदेव सरोज आदि ने आवासीय भूमि आवंटन पट्टे में हुई अनियमिता की शिकायत मुख्य राजस्व अधिकारी से की।मामले को गंभीरता से लेते हुए सीआरओ ने एसडीएम को जांच सौप दी।उपजिलाधिकारी ने गांव पहुंचकर शिकायतकर्ता व भूमि प्रबंधक समिति के समक्ष जांच की। आवासीय भूमि आवंटन में समिति की अनियमिता सामने आई। जांच अधिकारी ने आवंटित 27 पट्टे को निरस्त करने की संस्तुति व जांच रिपोर्ट सीआरओ को भी भेज दी। पट्टे के निरस्तीकरण की खबर को लेकर पट्टा धारकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में एसडीएम लालधर यादव ने बताया की जांच में शिकायत सही मिली। पट्टे को निरस्त करने व जांच रिपोर्ट सीआरओ को भेज दी गई है।

### एसडीएम को लेखपाल ने किया गुमराह,फिर भी कार्रवाई से दूरी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भूमि प्रबंधक समिति का एक हिस्सा लेखपाल भी होता है।उसकी मौजूदगी में पट्टे का आवंटन अनियमिता पूर्वक होना एक जांच का विषय है। लेखपाल की रिपोर्ट पर ही अन्य अधिकारी अपनी मुहर लगाते है। इस दशा में उच्चाधिकारियों को गुमराह कर पट्टे के आवंटन पर मुहर लगवाने वाला लेखपाल क्या दोषी नहीं है? यदि दोषी है तो कार्रवाई से क्यों बनी है दूरी?

# पीड़िता की पिटाई, आरोपियों पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे जियन मुरैनी निवासी शिवराम वर्मा की पत्नी रानी ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार शाम पांच बजे वह अपने घर के सामने घरेलू कामकाज कर रही थी। इसी बीच रंजिशन गांव के रामसजीवन वर्मा की पत्नी कुसुम, भाई सुनील कुमार एकराय होकर उसके दरवाजे आ धमके। आरोपियों ने पीड़िता को गाली देते हुए घर के अंदर भी घुसकर लाठी डण्डे से मारापीटा। बीचबचाव को पीडिता का पुत्र आया तो उसे भी आरोपियो ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। घायलो की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौडे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

### पूर्व प्रधान का निधन, जताया गया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज के समीपवर्ती भेभौरा गॉव के पूर्व प्रधान मोहन पाण्डेय (85) का शनिवार देर शाम बीमारी के चलते निधन हो गया। राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुख जताया। समाजसेवी प्रकाश चंद्र मिश्रा, पूर्व प्रधान केडी मिश्रा, पूर्व ब्लाक कॉंग्रेस अध्यक्ष चंद्र पाल पांण्डेय, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, डा० पूर्णिमा मिश्रा, डा0 सौरभ मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, जगदीश तिवारी, पं रामफेर पांण्डेय, विशाल मूर्ति मिश्रा, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, पूर्व गृहसचिव रमेश चंद्र मिश्रा, अनिल महेश ने भी स्व पांण्डेय के निधन को दुःखद कहा है।

## रजाई कम्बल बेंचने वाला युवक लापता

**प्रतापगढ़।** कन्धई थाना क्षेत्र के प्रयासपुर गांव के पास फेरी करके कम्बल बेचने निकला युवक अपने साथियों के बीच में नहीं पहुंचा तो परिजनों में हड़कंप मच गया। वासिक अली पुत्र महबूब ने थाने में तहरीर देकर लापता एवं गुमशुदी का मुकदमा पंजीकृत करवाकर लापता युवक की तलाश के लिए मांग की है। वशिक का कहना है कि हमारा छोटा भाई तारिक जिसकी उम्र 19 साल है वह ई रिक्शा पर लादकर रजाई कंम्बल बेचने गया था, वह घर नहीं लौटा है। फेरी करने वाले के साथियों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया है लेकिन आज तक लापता युवक का पता नहीं लग सका है।

# सीडीओ ने शमसाबाद, टेंगाई व शहजादपुर गोवंश आश्रय स्थलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि गोवंश आश्रय में संरक्षित गोवंशों में धोखा-धड़ी की जा रही है

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 03 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों क्रमशः शमसाबाद, टेंगाई व शहजादपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डा0 राकेश कुमार उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मुख्यालय उपस्थित थे तथा सम्बन्धित गो-आश्रय स्थलों के पश ुचिकित्साधिकारी भी उपस्थित थे। ग्राम पंचायत शमसाबाद विकास खण्ड सिराथू में संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय में पाया गया कि आश्रय स्थल में लगातार 119 गोवंश माह जुलाई, 2023 से संरक्षित दिखाये जा रहे है, जबकि कुछ गोवंश नये भी आये है और कुछ गोवंशों की की मृत्यु भी हुयी है, लेकिन इसमें किसी भी प्रकार का अन्तर नहीं दिखाया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि उक्त गोवंश आश्रय में संरक्षित गोवंशों में धोखा-धड़ी की जा रही है। गोवंश आश्रय स्थल बहुत की गन्दा पाया गया तथा उसके चारों तरफ जल का भराव पाया गया और गोबर का ढेर लगा हुआ था। इस सम्बन्ध में डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलित की जाय। ग्राम पंचायत टेंगाई विकास खण्ड सिराथू में बने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थिति सामान्य पायी गयी, परन्तु पूर्व में सूचना के उपरान्त भी गोवंश आश्रय स्थल में कर्मचारी उपस्थित नहीं पाया गया, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मचारी का वेतन रोके जाने का निर्देश डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा दिया गया ग्राम पंचायत शहजादपुर विकास खण्ड कड़ा में बने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थिति सामान्य पायी गयी।

## कौशाम्बी बीएसए ने जिले में तैनात एबीएसए के कार्यक्षेत्र में किया परिवर्तन

**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने जनपद के ब्लॉक में तैनात एबीएसए के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है,बीएसए ने तत्काल प्रभाव से सभी एबीएसए को संबंधित क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए है। बीएसए ने मंझनपुर ब्लॉक पर तैनात एबीएसए जवाहर लाल यादव को सरसवा भेजा है,कौशाम्बी ब्लॉक में तैनात एबीएसए बृजेश सिंह को नेवादा के साथ साथ चायल का अतिरिक्त प्रभार दिया है, सरसवा में तैनात रहे एबीएसए प्रमोद कमार को मंझनपुर के साथ साथ मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया है। एबीएसए नीरज कुमार को नेवादा से कड़ा के साथ साथ सिराथू का अतिरिक्त प्रभार दिया है,मूरतगंज में तैनात रहे एबीएसए सुनील कुमार सिंह को कौशाम्बी भेजा है मुख्यालय में तैनात रही एबीएसए नरारीन फारुकी को मूरतगंज, प्रमोद कुमार को मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया है बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी एबीएसए को संबंधित क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए है।



## लोकसभा चुनाव को लेकर एएसपी ने थाना स्तर पर नामित चुनाव नोडल अधिकारी एवम मुंशी के साथ की बैठक

**कौशाम्बी।** जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पुलिस विभाग जुट गया है,लोकसभा चुनाव को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने जनपद में थाना स्तर पर नामित चुनाव नोडल अधिकारी एवम मुंशी के साथ बैठक की। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने दुर्गा भाभी सभागार पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त थानों के थाना स्तर पर नामित चुनाव नोडल अधिकारी एवं चुनाव मुंशी के साथ गोष्ठी कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# विभागीय साठगांठ के बिना कैसे हुआ ट्रांसफार्मर चोरी करने का प्रयास

**ट्रांसफार्मर चोरी करने के प्रयास के इस मामले को यदि पुलिस आला अधिकारियों ने संज्ञान लिया तो बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी हवालात में होंगे**



**कौशांबी।** थाना सराय अकिल अंतर्गत बेरुई गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने गांव के बाहर लगे 11000 बिजली के खंभे के नीचे 250 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी करने का प्रयास किया बिजली के रहते हुए चोरों ने 11000 वोल्टेज बिजली तार काटकर ट्रांसफार्मर को ले जाने का प्रयास किया लेकिन जब ट्रांसफार्मर नहीं ले जा सके तो ट्रांसफार्मर को छतिग्रस्त कर दिया सवाल उठता है कि हाई वोल्टेज विद्युत करंट के बीच आम जनमानस कैसे ट्रांसफार्मर चोरी करने का प्रयास करेगा ट्रांसफार्मर चोरी करने के प्रयास में विभागीय लोगों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता सुबह लोगों को जानकारी हुई तो वहां गांव वालों का जमावड़ा लग गया गांव के लोगो ने सराय अकिल पावर हाउस बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचित किया सराय अकिल पावर हाउस जेई महेंद्र कुमार वर्मा अपने लाइनमैनो के साथ बेरुई गांव जाकर घटना स्थान का मुआयना किया फिर गांव वालों के साथ जाकर बेरुई चौकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी जेई महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस घटना के होने के बाद बिजली विभाग को बड़ी हानि पहुंची है ट्रांसफार्मर में लगभग 200 लीटर तेल वहीं जमीन के नीचे चोरों ने पलट दिया और ट्रांसफार्मर वहीं झंडियो में पलट चोर भाग गए है जिससे बिजली विभाग को 3 लाख 53 हजार 067 रुपए का नुकसान हुआ ट्रांसफार्मर चोरी करने के प्रयास के इस मामले को यदि पुलिस आला अधिकारियों ने संज्ञान लिया तो बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी हवालात में होंगे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में हर कार्य का निश्चित है वसूली शुल्क!

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** सरकारी अस्पतालों में आम जनमानस को निशुल्क जाँच और इलाज किए जाने का योगी सरकार का आदेश कौशांबी में बकवास साबित हो रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की मौन स्वीकृति से बेखौफ तरीके से इलाज और जांच के नाम पर पूरे दिन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वसूली की जा रही है इलाज और जांच के प्रत्येक कार्यों में वसूली का निश्चित रेट स्वास्थ्य कर्मियों ने तय कर रखा है सूत्रों की माने तो मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिलवरी पर छः सौ रुपये और ब्लड जाच में तीस रुपए अवैध वसूली हो रही है गुलोकोस का भी दो सौ रुपये मरीज से वसूलते हैं इसी तरह अन्य कार्यों के भी रेट निश्चित कर दिए गए हैं यह सरकारी अस्पताल है या फिर निजी नर्सिंग होम बन चुका है यह बड़ी जांच का विषय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज की स्थिति इतनी बदतर है कि जिस मरीज और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों की वसूली में सहयोग किया उनकी जांच और इलाज हो जाती है और जिन मरीजों के परिजनों ने जांच और इलाज में वसूली का विरोध किया उन्हें इस अस्पताल में इलाज नहीं मिल पाता है मरीजों के मर्ज की जांच नहीं हो पाती है जिससे मरीज और उनके परिवार के लोग जांच और इलाज के लिए दर-दर भटकते देखे जाते हैं बेखौफ तरीके से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रही वसूली के बाबत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने भी अभी तक स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्यवाही नहीं की है आला अधिकारियों से लेकर शासन तक को वसूली की सूचना प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने नहीं भेजी है जिससे वसूली में उनके साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है मामले में शासन स्तर से यदि जांच कराई गई तो वसूली करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल खड़ा होना तय हैं इतना ही नहीं बेखौफ तरीके से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वसूली के मामले में लापरवाह बने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कारनामे को भी एक स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने संज्ञान लिया तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मुश्किल बढ़ना तय है।

# रिद्धी सिद्धि फाउंडेशन के तहत गरीब असहाय दिव्यांग सहित 950 लोगों को दिए गए कंबल

## पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि आप पर किसी प्रकार की मुसीबत आए तो बस एक सूचना दे देना मैं आपकी हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हूं



**कौशाम्बी।** इस भीषण कड़ाके की ठंड को देखते हुए पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कंबल वितरण का प्रोग्राम बनाया और भरवारी कस्बे में उन्होंने अपनी संस्था की ओर से गरीब कमजोर जरूरतमंद लोगों को कंबल देकर राहत दी है नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 17 सरजूदास नगर के हनुमान निकेतन भवन पुरानी बाजार में रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया जहां हजारों लोगों की उपस्थित रही रिद्धी सिद्धि फाउंडेशन के तहत गरीब,असहाय, दिव्यांग सहित 950 कंबल वितरित किए गए वार्ड नंबर 12 कृष्णानगर, वार्ड नंबर 16 डॉक्टर देहदानी राजेंद्र नगर,वार्ड नंबर 23 डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम नगर, व नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों से आए हुए लोगों को कंबल वितरित किया गया श्री गुप्ता ने कहा कि आप सभी के सेवा के लिए सदैव तैयार हु आप पर किसी प्रकार की मुसीबत आए तो बस एक सूचना जरूर दे देना मैं आपकी हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हु आप सभी की सदा सेवा करूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व चेयर मैन गंगा प्रसाद उर्फ काले,पार्षद शंकर लाल केशरवानी, पार्षद सूरज यादव, जीतू केसरवानी, उपांशु केसरवानी, सत्यम कौशल सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।



## मुख्य विकास अधिकारी ने किया हर घर नल पेयजल परियोजना का आकस्मिक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा 3-4 हर घर नल पेयजल परियोजना का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत चकसेनी में संचालित परियोजना में पाया गया कि कार्यदायी संस्था जे0एम0सी0 द्वारा इण्टर लांकिक का कार्य अत्यन्त ही खराब लगायी जा रहीं है तथा ग्राम पंचायत रामपुर धमावॉ, रामपुर मडूकी एवं अन्दावॉ में संचालित परियोजनाओं में पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है, लेकिन इनमें पर्याप्त प्रेशन न होने के कारण पेयजल की आपूर्ति सही हो पा रही है। कई स्थानों पर लिकेज पाया गया है और स्टैण्ड पोस्ट में टोटी नहीं लगायी गयी है, जिसमें गॉव में जगह-जगह पानी भराव हो रहा है, जो आपत्ति का विषय है इस सम्बन्ध में डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम कौशाम्बी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित परियोजनाओं का स्वयं निरीक्षण कर पायी गयी कमियों को कार्यदायी संस्था से अविलम्ब ठीक कराना सुनिश्चित करें।

# पुरानी बनी सीसी सड़क को तोड़कर उसी मलवे से बनाई जा रही सीसी सड़क का विरोध



**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णानगर के चकमाहपुर में ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही सीसी सड़क को पुरानी बनी सीसी सड़क को तोड़कर उसी मलवे में सीसी सड़क बनाई जा रही है मोहल्ले के लोगों द्वारा विरोध करने पर पार्षद सूरज यादव को फोन के माध्यम से जानकारी मिली जिस पर पार्षद सूरज यादव तत्काल मौके पर पहुंचकर काम को देखा तो गुणवत्ता विहीन सडक बनाई जा रही थी मौके पर लेबर से पूछा गया तो लेबर मिस्त्री ने कहा कि आठ एक की सड़क बनाई जा रही है मानक विहीन सड़क बनाई जा रही है पार्षद सूरज यादव ने तत्काल मौके पर ही ईओ भरवारी को सीयूजी नंबर पर फोन के माध्यम से अवगत कराया फोन पर लिपिक बबलू गौतम ने कहा कि सड़क नियमा अनुसार बनेगी संतुष्ट जनक जवाब न मिलने पर पार्षद सूरज यादव ने जेई नगर पालिका मनोज सिंह को अवगत कराया जेई ने कहा कि मलबे पर सड़क नहीं बनेगी उसका एस्टीमेट बना हुआ है जो स्टीमेट है वहीं बनेगा।

# बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी पर लोगों को जागरूक एवं मानसिक स्तर पर सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है संस्था



**कौशाम्बी** जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति चित्रकूट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के सहयोग द्वारा जनपद के ब्लॉक कौशाम्बी, बारा, नेवादा और चायल कई पंचायतो मे ग्रामीण स्तर पर, विद्यालय स्तर पर, छोटे छोटे जन समूहों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाकर बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी जैसे मुद्दे पर लोगो को जागरूक एवं मानसिक स्तर पर सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। बाल विवाह, बाल श्रम, शोषण, तस्करी जैसी बुराई को दूर करने एवं लोगो जागरूक करने के जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति अपने सहयोगी कार्यकर्ताओ के साथ प्रत्येक दिन बाल विवाह, बाल श्रम एवम बाल तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दों के खिलाफ अभियान के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर जहा पर बाल विवाह, बाल श्रम जैसी घटना अभी भी घट रही हैं लोग ऐसा न करें या न कर पाए के लिए इस कार्यक्रम को प्रतिदिन कई गाँवो मे कई स्थानों पर आयोजित किया जाता हैं। संस्था के लोगों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालक एवम बालकिओ के बचपन को सुरक्षित करना है। समाज ज्यो ज्यो विकाश की और बढ़ रहा हैं फिर भी समाज मे कई प्रकार की कुप्रथा का चलन अब भी बरकरार हैं। इसका मुख्य कारण अभी समाज मे अशिक्षा, बेरोजगारी जैसी अति संवेदनशील अवयव विद्यमान हैं जिसके चलते ऐसा अभी भी घटित हो रहा हैं। समाज मे ऐसे भी वर्ग हैं जहाँ पर बाल विवाह हो रहे है। कही तो आर्थिक समस्या को कारण बताया जाता हैं तो कही पर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना भी एक अहम कारक के रूप में हैं। उस उम्र जहा पर लड़किया न तो शारीरिक तौर और न ही मानसिक स्तर पर परिपक्व हो पाती हैं उस कम उम्र में लडकियों का विवाह कर दिया जाता हैं । इस स्थिति में लड़की का शारिरिक, मानसिक दोनों स्तर पर शोषण होता हैं। अभी भी समाज के कुछ वर्ग में हैं कि परिवार धन होता हैं इसी चक्कर मे बच्चो की संख्या अधिक होने के कारण उनका आर्थिक स्थिति खराब हो जाती हैं इस परिस्थितियों में कही बालको से बाल श्रम करवाया जा रहा हैं। आज प्रतिदिन की तरह ब्लॉक बारा, नेवादा में कई गाँव में सामुदायिक स्तर पर विवाह न करने या ना करवाने के लिए सामूहिक स्तर पर शपथ दिलाया गया। इसी क्रम मे जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति, चित्रकूट सहयोगी कार्यकर्त्ता अमित शुक्ल, विपिन पाण्डेय, शैली पटेल एवं सोनी सिंह ने परिवार के लोगो को बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है। यदि ऐसा कही हो रहा हैं तो उस नाबालिग किशोर या किशोरी का उसके बचपन, शिक्षा का हनन एवं शारीरिक एवं मानसिक शोषण हीं होता हैं क्योंकि जिस उम्र मे इनको सही शिक्षा एवं उचित पोषण की आवश्यकता होती है उस उम्र मे विवाह करना कानूनन अपराध हैं। यदि ऐसा हमारे आसपास कही हो रहा तो हम सब 1098 निः शुल्क नबर सूचना दे सकते हैं। इस प्रकार के प्रयास से हम सब किशोर एवम किशोरियों के बचपन को बचा सकते है इसके लिए समाज का हर तबके को जागरूक एवं शाशक्त बनाना होगा तब जाकर हम सब इस समाज को बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी जैसी कुप्रथा से सुरक्षित कर पाएंगे। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति एवम कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन का एक मात्र लक्ष्य है कि भारत को बाल विवाह, बाल श्रम एवम बाल तस्करी मुक्त भारत बनाना है ।

# मामूली विवाद के चलते दलित युवक को दबंगों ने बेरहमी से पीटा

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलाक मोहिउद्दीन पुर में खेत में पानी को लेकर कहा सुनी के चलते दलित युवक को दबंगों ने जाति सूचक भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए लात घूसा और बेल्ट से बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के के मुताबिक ग्राम मलाक मोहिद्दीनपुर की रहने वाली सीता देवी ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति ऐसु जब खेत में पानी लगाने गया तो खेत के पानी के लगाने के विवाद के चलते कहा सुनी गांव के ही फूले यादव पुत्र सुरेमन यादव व छोटू पुत्र फूले ने सीता देवी के पति को जाति सूचक गाली गलौज देते हुए लात घूसा और बेल्ट से बुरी तरह से पीटा जिससे सीता देवी के ऐसु के शरीर व अन्य जगहों पर गम्भीर चोट आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई हैं और पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

## सकिपा की ग्राम चौपाल जगन्नाथपुर में आज

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे कल 29 जनवरी सोमवार को 1 बजे सिराथू ब्लॉक के ग्राम जगन्नाथपुर में आयोजित होगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

# ईमानदारी की दुहाई देने वाले ग्राम प्रधान का चहेता सरकारी जमीन पर कर रहा कब्जा

**भूमि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होने के बाद सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले से ग्राम प्रधान ने अधिकारियों को नहीं कराया अवगत**



**कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के यूसुफपुर रारा डिहवा के मजरा चक सहनपुर में गोचर की सरकारी जमीन पर ग्राम प्रधान का चहेता बीते कई दिनों से पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर रहा है भूमि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान है लेकिन सरकारी जमीन पर कब्जे के इस मामले की जानकारी ग्राम प्रधान ने अधिकारियों को नहीं दी है जिससे प्रधान की ईमानदारी पर सवाल खड़े हो गए हैं इतना ही नहीं भूमि प्रबंधन समिति का सचिव राजस्व लेखपाल होता है लेकिन उसने भी सरकारी जमीन पर कब्जे की जानकारी अभी तक अधिकारियों को नहीं दी है जिसे लेखपाल की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील क्षेत्र के यूसुफपुर रारा डिहवा के मजरा चक सहनपुर की जिस सरकारी जमीन पर ग्राम प्रधान का चहेता जबरिया दिनदहाड़े निर्माण करके कब्जा कर रहा है उस जमीन की कीमत 20 लाख रुपए से अधिक है और 20 लाख रुपए से अधिक कीमत की सरकारी जमीन पर कब्जा कराए जाने की आड़ में तहसील के अधिकारियों के नाम पर लाखों की वसूली भूमि प्रबंधन समिति के जिम्मेदारों ने कर ली है जिससे सरकारी जमीन पर कब्जा रोकने की पहल भूमि प्रबंधन समिति जिम्मेदारों ने नहीं की है बताया जाता है इसी जमीन पर पूर्व में कब्जा हो रहा था जिस पर तहसील से कब्जा धारकों को नोटिस जारी हुई बेदखली का आदेश हुआ लेकिन पूर्व का कब्जा बेदखल नहीं हो सका और फिर नया निर्माण शुरू हो गया है गांव के लोगों ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकारी जमीन गोचर पर अवैध कब्जा को रोकने कब्जा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने सरकारी जमीन के अवैध कब्जे को धराशायी कराए जाने और सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में भूमि प्रबंधन समिति के लापरवाह अध्यक्ष ग्राम प्रधान और सचिव राजस्व लेखपाल को संलिप्तता और लापरवाही के आरोप में इन्हें निलंबित कर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई है।

## खनवारी गांव से कमासिन देवी मंदिर परिसर तक संपर्क मार्ग बनाया जाए :.अजय सोनी



**कमासिन देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं के लिए अपर मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा**

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के गांव गंभीरा पूर्व स्थित कमासिन देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण कराने को लेकर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह को गत दिनों एक ज्ञापन सौंपा है। सौपे गए ज्ञापन में कमासिन देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण कराने, मंदिर परिसर में टीन शेड का निर्माण कराए जाने, बैठने के लिए कुर्सियां और शौचालय की व्यवस्था सहित ग्राम खनवारी से कमासिन देवी मंदिर परिसर तक संपर्क मार्ग बनाए जाने की मांग की है। इस अवसर पर अजय सोनी ने अपर मुख्य अधिकारी को बताया कि कमासिन देवी मंदिर पूरी तरह उपेक्षा का शिकार है और वहां जनसुविधाओं की भारी कमी है। जिसके चलते श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत होती है। साथ ही मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण न होने से मंदिर परिसर पूरी तरह से जर्जर नजर आता है। अजय सोनी ने कहा की ग्राम खनवारी से कमासिन देवी मंदिर तक जाने के लिए कोई संपर्क मार्ग नही है जिसके चलते कई गांवों के लोगों को मंदिर तक आने में भारी दिक्कत होती है। इसी के साथ अजय सोनी ने मांग किया कि ग्राम खनवारी से कमासिन देवी मंदिर परिसर तक संपर्क मार्ग बनाया जाए जिससे ग्राम खनवारी, जियापुर, कैनी समेत कई गांवो के लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। अपर मुख्य अधिकारी ने सभी मांगों पर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, जुम्मन अली आदि रहे।

## संपादक की कलम से

# देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है वह पढ़ना चाहती है

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां जानती है कि महिलाओं का सम्मान और नारी शक्ति का का सशक्त मूल्यांकन और प्रोत्साहन जितना अधिक गंभीरता से भारत में होता है उतना शायद कहीं नहीं होता।आज हम भारतीय हर क्षेत्र में नारी शक्ति का बोलबाला देख रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक याने जमीन से आसमान तक विकास की और तेजी से कदम बढ़ाते हुए विकसित भारत लक्ष्य प्राप्त करने में नारी शक्ति का अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा हैजिसका ताजा उदाहरण हमने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को देखा जिसमें पूरी कर्तव्य पथ परेड और अन्य कार्यक्रम महिला केंद्रित रहे चाहे वह परेड हो या फिर संस्कृतझांकियां अधिकतम महिला सशक्तिकरण केंद्रितथी जिसकीसटीकता पर मोहर आज दिनांक शक्ति 27 जनवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट 2020-21 में भी लगाई गई जिसमें कहा गया है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं शिक्षा क्षेत्र में अधिक आ रही है। इस तरह आज माननीय उपराष्ट्रपति पीएम,शिक्षा मंत्री ने भी नारी शक्ति पर हामी भरते हुए कहा महिला सशक्तिकरण का शैक्षणिक सुधारो के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है।चूंकि 26 जनवरी और आज 27 जनवरी 2024 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा अपनी रिपोर्ट में बेटियों की अधिक चाहत पढ़ाई में बताई है, इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ नारी केंद्रित हो या शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट हो, हर जगह साफ दिखने को मिला बेटियां आगे बढ़ना चाहती है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 27 जनवरी 2024 को जारी शिक्षा मंत्रालय की सर्वेक्षण रिपोर्ट की करें तो, लड़कियों ने किए सबसे ज्यादा नामांकनउच्च शिक्षा को लेकर छात्राओं में सबसे ज्यादा रुचि देखी गई है2014-15 में देश में उच्च शिक्षा में नामांकन कराने वाली छात्राओं की संख्या जहां 1.57 करोड़ थी, वह 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गई। एससी/एसटी छात्र-छात्राओं के नामांकन में भी काफी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यूनिवर्सिटी के नए संस्थान सरकार की ओर से आयोजित उच्च शिक्षा परअखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021 के अनुसार, 2014-15 से 341 विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान स्थापित किए गए हैं। वहीं छात्र/छात्राओं की बढ़ती संख्या के साथ महिला शिक्षकी संख्या 2014-15 में 5.69 लाख से बढ़कर 2021-22 में 6.94 लाख हो गई है। वर्ष 2021-22 के लिए हाल ही में जारी उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार पिछले आठ वर्षों में पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं ने उच्च शिक्षा में नामांकन किया है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में कुल नामांकन में वृद्धि (91 लाख) में महिलाओं की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है। नवीनतम सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, कुल नामांकन 4.33 करोड़ में से 48 प्रतिशत या 2.07 करोड़ महिलाएं हैं।2019-20 में महिला नामांकन में 1.88 करोड़ से 2.01 करोड़ की मामूली वृद्धि देखी गई।2014-15 में कुल 3.42 करोड़ नामांकन में महिलाओं का प्रतिशत 46 प्रतिशत था। वहीं, उच्च शिक्षा में 2021-22 के सत्र में नामांकन बढ़कर लगभग 4.33 करोड़ हो गया जो इससे पिछले सत्र में 4.14 करोड़ था। विज्ञान संकाय में महिला अभ्यर्थियों के नामांकन की संख्या पुरुषों की संख्या से अधिक है। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) में यह जानकारी सामने आई है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार की रात जारी सर्वेक्षण के अनुसार कुल मिलाकर महिला नामांकन 2020-21 में 2.01 करोड़ से बढ़कर 2021-22 सत्र में 2.07 करोड़ हो गया है। एआईएसएचई की रिपोर्ट में कहा गया है, उच्च शिक्षा में कुल नामांकन2020-21 में 4.14 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में लगभग 4.33 करोड़ हो गया है। वर्ष 2014-15 में नामांकन के आंकड़े 3.42 करोड़ में लगभग 91 लाख की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है, महिला नामांकन 2020-21 में 2.01 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गया है। वर्ष 2014-15 में महिला नामांकन में 1.57 करोड़ के मुकाबले लगभग (32 प्रतिशत) 50 लाख की वृद्धि हुईं रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पीएचडी में महिला नामांकन 2014-15 सत्र के 0.48 लाख से दोगुना होकर 2021-22 में 0.99 लाख हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2021-22 की अवधि के लिए महिला पीएचडी नामांकन में वार्षिक वृद्धि 10.4 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि 2021-22 में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएच.डी. और एम.फिल स्तर पर 57.2 लाख छात्र विज्ञान संकाय में नामांकित हैं जिसमें छात्राओं की संख्या 29.8 लाख के मुकाबले छात्रों की संख्या (27.4 लाख) से अधिक है।रिपोर्ट के अनुसार एसटी छात्रों का नामांकन 2014-15 में 16.41 लाख से बढ़कर 2021-22 में 27.1 लाख हो गया जिसमें 65.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शिक्षा मंत्रालय 2011 से उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण आयोजित कर रहा है, जिसमें देश में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है। सर्वेक्षण के तहत विभिन्न मापदंडों जैसे छात्र नामांकन, शिक्षकों का आंकड़ा, ढांचागत एवं वित्तीय सूचनाओं आदि पर विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है।

साथियों बात अगर हम देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है वे पढ़ना चाहती है की करें तो, देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती हैं, वे पढ़ना चाहती हैं।

# डेटिंग का चक्कर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

वे लोग वर-वधू के गुण-नक्षत्र पर जोर देने के बजाए किसी ओर चीज को लेकर परेशान थे। पंडित जी ने लड़की की माँ से कहा झ ह्लदेखिए बहिन जी! गुण-नक्षत्रों का क्या है, वो तो ले देकर भी सेटल किये जा सकते हैं। वह तो मेरे बाएँ हाथ का खेल है। लेकिन आजकल के लड़के-लड़कियों के लिए पंचांग वाले छत्तीस गुणों की चिंता कम दूसरे किस्म के गुणों की चिंता अधिक रहती है। कहने को तो पढ़े-लिखे होते हैं लेकिन व्यवहार गंवारों वाले करते हैं।

लड़की की माँ ने बड़े भोलेपन से पूछा झ ह्लहे ज्योतिषाचार्य जी! मैं कुछ समझी नहीं। आप किन गुणों की बात कर रहे हैं? क्या ये गुण इतने जरूरी हैं कि इनके बिना शादी नहीं हो सकती

ज्योतिषी जी ने आँखें बड़ी करते हुए कहा झ ह्लहाँ बहिन जी! मैं जिन गुणों की बात कर रहा हूँ। उनके बारे में सुनेंगी तो आप का माथा भी ठनक जाएगा। एक समय था जब लड़का-लड़की रूप, रंग, गुण, स्वभाव आदि को देखकर चट मंगनी पट ब्याह कर लेते थे। अब वैसे दिन कहाँ रहे। अब तो हजार किस्म के चोंचले हैं। मसलन लड़का-लड़की बिल्ली-कुत्ता पसंद करते हैं कि नहीं। करते हैं तो किस रंग, आकार और ऊँचाई का। आल्कोहलिक हैं या नॉन-आल्कोहलिक। आल्कोहलिक हैं तो कौनसी ब्रैंड, फिर वह ब्रैंड नियमित पीते हैं या फिर कभी-कभार आदि-आदि। कौन सा रंग, फल-फूल, सब्जी, गाना, अभिनेता, फिल्म, साइट सीन पसंद है या नहीं आदि-आदि।

लड़की की माँ आश्चर्य से झ ह्लबाप रे बाप! लड़का-लड़की एक-दूसरे को पसंद करने के लिए इतने चोंचले करते हैं। फिर ऐसे लोगों की शादी करने के लिए क्या करना चाहिए महाराज?ह्व

ज्योतिषी जी हँसते हुए झ ह्लबहिन जी इसके लिए हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। जो कुछ करना होता है वो तो लड़का-लड़की को करना होता है। इसीलिए आजकल वे डेटिंग पर जाते हैं। डेटिंग पर जाने से लड़का-लड़की एक-दूसरे को शारीरिक, मानिसक, बौद्धिक रूप से अच्छी तरह समझ जाते हैं। एक तरह से कहिए कि कोई बर्तन खरीदने से पहले ठोक-बजाकर देख लेते हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि वे आगे एक-दूसरे के साथ टिक पायेंगे कि नहीं। सब कुछ ठीक रहा तो वे ब्याह करने के लिए राजी हो जायेंगे। नहीं तो तू अपनी गली मैं अपनी गली।

# प्राण प्रतिष्ठा में मुसलमानों की उपस्थिति के संदेश



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना उमेर इलियासी समेत बहुत सारे मुसलमान धर्म गुरुओं की और फि ल्म कलाकारों, गायकों , कलाकारों और शहाबुद्दीन हुसैन जैसे राज नेताओं की उपस्थिति सुकून देने वाली थी। इनका भगवान श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को निर्विघ्न पूर्ण करवाने में पूरा नैतिक समर्थन रहा। इन्होंने अपनी उपस्थिति से यह भी संदेश दिया कि देश के बहुसंख्यक और पढ़े - लिखे समझदार मुसलमान अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का समर्थन करते हैं।

प्राण - प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है।यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है।

अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही। बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं।

मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्धीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधी जी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांव वालों ने उनकी बात मानी थी। मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

गोल मस्जिद में एक जमाने में श्रीमती इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं।तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इल्यासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मौलाना उमेर इलियासी साफ कहते हैं कि उनके पु?खे हिन्दू ही तो थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दो झढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है। इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है। इस्लाम समता के हक में खड़ा होता है। मौलाना उमेर इलियासी की स्कूली शिक्षा राजधानी के पंडारा रोड के सरकारी स्कूल में हुई। पर उम्र बढ़ी तो उनका रास्ता बदल गया। पिता मौलाना जमील इलियासी ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया।

वे मानते हैं किभारत में शांति के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। उनकी इसी सोच का नतीजा है कि गोल मस्जिद में ईद और दिवाली पर आलोक सज्जा होती है। दीपोत्सव अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। ये भारत की धरती का पर्व है। गोल मस्जिद में सब मिलकर दिये जलाते हैं और बनाते हैं रंगोली। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि, अंधेरा अधिक काल। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का। भारत के लाखों मुसलमान भी दिवाली को मनाते हैं। वे दिवाली पर अपने घरों- दफ्तरों की सफाई करने के अलावा चिराग जलाते हैं। सच में प्रकाश और रोशनी का पर्व अंधकार से रोशनी में ले जाता है। देश ने 22 जनवरी को एक बार फिर से दिवाली वाला उत्साह देखा। उस दिन सारे देश में आलोक सज्जा हो रही थी। अगर कुछ कठमुल्लों को छोड़ दिया जाए तो जिस दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी हस दिन सारा भारत आनंद की स्थिति में भजन-कीर्तन हो रहे थे। उसमें गैर- हिन्दुओं की भी भागेदारी रही थी। राजधानी के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से लेकर दिल्ली से सटे कौशांबी के कंचनजंगा कैंपस और मुंबई के जुहू से लेकर कानपुर और सारे देश में विगत 22 जनवरी को हुए भजन-कीर्तन कार्यक्रमों में लाखों-करोड़ों राम भक्तों में कई मुसलमान और ईसाई भी भाग ले रहे थे।

पंडित जेपी शर्मा ह्यत्रिखाह्ल बता रहे थे कि वे मुंबई, दिल्ली और एनसीआर में सुंदर कांड आयोजित करते रहे हैं। पर इस बार उनके सुंदर कांड के आयोजन में कुछ मुसलमान और ईसाई मित्र खुद ही शामिल हुए और प्रसाद लेकर अपने घरों को लौटे। यह वास्तव में एक नये भारत का चेहरा था। भारत सबका है और इधर सबको जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिलते हैं। अमेरिका के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रपतियों में से जॉन कैनेडी ने एक बार सही कहा था कि ह्ययह मत पूछो कि देश ने तुम्हें क्या दिया बल्कि ये पूछो कि तुमने देश को क्या दियाह्ल। शीत युद्ध में अमेरिका की भूमिका के संबंध में दिए गए 14 मिनट के भाषण में कैनेडी ने अमेरिकियों का आह्वान किया था, ह्यह्ययह मत पूछो कि तुम्हारा देश तुम्हारे लिए क्या कर सकता है , यह पूछो कि तुम देश के लिए क्या कर सकते हो ह्लह्ल उनके इस वक्तव्य को सुनकर कोई भी समझ सकता है कि वे कितनी बड़ी शख्सियत के धनी थे। कैनेडी की अपने देशवासियों को कही बात हरेक भारतीय पर भी लागू होती है। भारत में राम राज्य तो तभी आएगा जब सब राष्ट्र निर्माण में लग जाएंगा।

**आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# लाला जी का राष्ट्रबोध



भारतीय इतिहास के कालखण्डों में 28 जनवरी की तारीख की ऐतिहासिक महत्ता बहुत ही प्रासंगिक है। आज की तारीख भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो महानायकों की स्मृतियों में याद की जाती है। आज के दिन हम भारतवासी इस तारीख को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं तो वहीं इसे पंजाब केसरी के नाम से विख्यात लाला लाजपत राय के जन्म दिवस के रूप में याद करते हैं। भारतीय स्वतंत्रता, स्वराज्य, स्वदेशी, स्वशिक्षा के समर्थक लाला लाजपत राय का व्यक्तित्व भारतीय राष्ट्रवाद का आदर्श था। लाला लाजपत राय ने अपने विचारों से भारत भूमि में ही नहीं वरन विदेश की धरती पर भारतीय स्वतंत्रता की अलख जगाने का कार्य किया। लाला जी ने अपने विचारों और आदर्शों के माध्यम से हमेशा भारत माँ की एकता और स्वतंत्रता के लिए कार्य किया। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्होंने अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था। राष्ट्र, भारत की आजादी एवं उसकी एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए लाला जी के कार्यों एवं आदर्शों को याद करेगा। भारतीय राष्ट्रवाद के सच्चे निमार्ता लाला जी का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के अग्रवाल जैन परिवार में हुआ था। लाला जी के राष्ट्रबोध का अध्ययन हमें उनके विचारों में निहित राष्ट्र के पोषक मूल्यों के अध्ययन से होता है। लाला जी ने भारतीय राष्ट्र की अक्षुणता और स्वतंत्रता के लिए अनेक वैचारिक कार्यों का निष्पादन किया जो आज भी भारतीय एकता के लिए पोषक साबित हो सकते हैं। लाला जी के राष्ट्रबोध में भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई में जाति प्रथा के विरोधी होने के साथ-साथ धार्मिक सहिष्णुता निहित थी, उन्होंने अंग्रेजों की फूट डालो राज्य करो की नीति की गंभीरता को समझा और भारतीय एकता के लिए कार्य किया। लाला जी हिन्दू महासभा के सक्रिय सदस्य थे परन्तु धर्म के नाम पर विभाजन या वैमनस्य से उनका सरोकार नही था।

1909 में हिन्दू महासभा के मंच से उन्होंने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की कि ह्लमैं अपने देश के दूसरे धर्म भाइयों के प्रति बुरे विचार नहीं रखता हूँ, मैं उनके सुख एवं समृद्धि की कामना रखता हूँ।ह्व सच्चे धर्म का अनुसरण ही लाला जी के विचारों की आधारशिला थी। लाला जी ने अनेक अवसरों पर हिन्दू-मुस्लिम एकता और उनके समृद्धि की कामना की। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के हिमायती लाला जी ने समय समय पर हिन्दू मुस्लिम एकता के विचारों को व्यक्त किया। लाला जी ने कहा है कि ह्लहमारे देश के प्रति निस्वार्थ भक्ति ही हमारा धर्म होना चाहिए। हमारे जीवन का उद्दांत उद्देश्य होना चाहिए, हममें से प्रत्येक के जीवन का लक्ष्य राष्ट्र सेवा होनी चाहिए और देश सेवा की खातिर न धन की परवाह करनी चाहिए न जीवन की।ह्व राष्ट्र के प्रति लाला जी के इन्हीं वैचारिक मूल्यों ने उन्हें करोड़ों देशवासियों के ह्रदय में पूज्य बना दिया। लाला जी ने भारत भूमि की स्वतंत्रता के लिए सतत संघर्ष किया। भारत की स्वयत्ता के लिए धन एवं जीवन के मूल्य को कम समझा और वक्त आने पर उन्होंने अपने जीवन को भारतीय राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए उत्सर्ग कर दिया। लाला जी के राष्ट्रबोध का सिद्धांत उनका राष्ट्र के प्राचीन एवं गौरवशाली अतीत की प्रेरणा से प्रेरित है। लाला जी के राष्ट्रबोध में भारत भूमि के अतीत के गौरवशाली सिद्धान्तों का स्मरण रहता था। पी. एन. कृपाल ने लाला जी के राष्ट्रबोध के सिद्धांत को सही कहा था "लाला जी का आदर्श भारतीय राष्ट्रवाद था, इसी आदर्श के लिए उन्होंने काम किया, कष्ट झेले और अंततः अपने जीवन का बलिदान का दिया। वे राष्ट्र के काम में एक कार्यकर्त्ता ही नही थे वरन उन्होंने राष्ट्रवादी भावना पर ही अपनी छाप छोड़ दी और उसे नया अर्थ दिया।"

लाला जी का जीवन आदर्श ही राष्ट्रबोध था, लाला जी ने भारतीय राष्ट्रवाद के लिए कार्य किया, उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संस्कृति के विचारों को हमेशा स्थान दिया। लाला जी ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर "भारत में राष्ट्रीय शिक्षा की समस्या" नामक एक वृहद पुस्तक की रचना की। लाला जी शिक्षा व्यवस्था पर विचार व्यक्त करने से पहले जापान और ब्रिटेन की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन किया था। लाला जी का कहना था कि "हमारी सन्तानों को उस समाज के मध्य भली प्रकार शिक्षित किया जाना चाहिए जिसका कि भविष्य में उनको क्रियाशील सदस्य बनना है।"

लाला जी के राष्ट्रबोध में स्वदेशी को स्थान प्राप्त था, लाला जी राष्ट्रवाद में स्वदेशी की विचारधारा के हिमायती थे। लाला जी ने स्वदेशी आंदोलन और उसके महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि मैं स्वदेशी को अपने देश के लिए उद्धारक समझता हूँ, स्वदेशी आंदोलन को हमें आत्मभिमानी, आत्मविश्वासी, स्वावलंबी और त्यागी बनाना चाहिए। स्वदेशी ही हमें जाति, धर्म के बंधनों से मुक्ति दिला सकती है। मेरी दृष्टि में स्वदेशी संयुक्त भारत का धर्म होनी चाहिए। लाला लाजपत राय ने राष्ट्रवाद के विकास के लिए स्वदेशी को महत्वपूर्ण विचार समझा जो जाति धर्म के बंधनों से मुक्त थी, जो आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत और अर्थ सम्पन्न भारत का मूल थी। राष्ट्र की एकता, सम्पन्नता और आत्मनिर्भरता के लिए लाला जी ने स्वदेशी को अपने राष्ट्र का मूल माना था। लाला जी ने स्वदेशी को मजबूत करने के लिए पंजाब में इंडियन बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लाला जी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, उन्होंने भारत के साथ-साथ विदेशों में भारतीय विचारधारा का बोध कराने के लिए अनेक संगठनों की स्थापना की जिससे भारतीय विचारधारा को विश्व पटल पर स्थापित किया जा सके। अमेरिका में इंडियन होम रूल लीग तथा इंडियन इन्फॉर्मेशन ब्यूरो नमक संस्था की स्थापना की, साथ-साथ उन्होंने अमेरिका में ही इंडियन लेबर एसोसिएशन की स्थापना की। अमेरिका में प्रवास के दौरान ह्यंग इंडियाह्ल, ह्यइंग्लैंडस डैट टू इंडियाह्ल नामक पुस्तक लिखी। अंततः भारतीय राष्ट्र की सेवा करते हुए 17 नवम्बर 1928 को महान आत्मा ने अपने पार्थिव शरीर को त्याग दिया। लाला जी की मृत्यु से शोक संतप्त महात्मा गांधी जी ने ठीक ही कहा था कि ह्ललाला लाजपत राय मर चुके हैं, लाला जी अमर रहें, लाला जी जैसे व्यक्तित्व तब तक नहीं मर सकते जब तक कि भारतीय आकाश में सूर्य चमक रहा है, लाला जी का अर्थ एक संस्था है। अपने यौवन काल से ही उन्होंने देश सेवा को अपना धर्म बना लिया, उनकी देश भक्ति में किसी भी प्रकार की संकीर्णता नहीं थी, उन्होंने ने अपने देश से प्यार किया क्योंकि उनका सम्पूर्ण विश्व से प्यार था, उनका राष्ट्रवाद वस्तुतः अन्तर्राष्ट्रीयतावाद था।ह्व माँ भारती के ऐसे सच्चे सेवक को शत शत नमन। राष्ट्र आपकी सेवा के लिए सदा ऋणी रहेगा।

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

# सर्वांगीण शिक्षा ,ज्ञान और संघर्ष जीवन में ऊंचाइयां देते हैं

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निदेर्शों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा ह्रदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के ह्रदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का ह्रदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका ह्रदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं।

## 2 फरवरी तक चलेगा सपा का पीडीए पखवाडा कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2 फरवरी तक पीडीए पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाडे में प्रत्येक दिन सेक्टर वार पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस पंचायत में संगठन के दो-दो नेताओं की सेक्टर वार ड्यूटी लगाई गई है। जिसमे प्रत्येक बूथ अध्यक्ष और उनकी कमेटी के सदस्य पिछडे दलित अल्पसंखक बस्तियों में जाकर पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोगो को समाजवादी पार्टी की नीतियों रीतियों को घर-घर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है और भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय .कमरतोड महंगाई, बेतहाशा बढ रही बेरोजगारी के विषय में लोगो से संवाद स्थापित कर जन जन को जागरूक करने का काम समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कर रहे हैं।




समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने बताया कि हमने एक सप्ताह का कार्यक्रम बनाया है। जिसमे प्रत्येक दिन हमारे नेता कार्यकर्ता दोनों विधान सभाओं के 60-60 बूथों तक सीधे संवाद स्थापित करने का काम कर रहे हैं। जिसमे एक सप्ताह में हमारे नेता कार्यकर्ता जनपद की दोनो विधान सभाओं के 851 बूथों में पहुंचकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए फामूर्ले के तहत ही आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को परास्त करने का काम करेगी। पीडीए पखवाडे के दूसरे दिन रविवार को मानिकपुर विधान सभा के सेक्टर कटैया खादर में जगदीश यादव, गोरेलाल पासवान हटवा सेक्टर में श्याम बिहारी यादव मदन त्रिपाठी सेक्टर मवई कला में कत. निर्भय सिंह पटेल हरी यादव लवलेश यादव सेक्टर बियावल में शिव शंकर सिंह यादव, सीताराम कश्यप, नरेंद्र यादव सेक्टर बौसडा में भैया लाल यादव, भोलानाथ खंगार, सेक्टर मऊ वीर सिंह पटेल ने जन चैपाल आयोजित की विधान सभा चित्रकूट मेसेक्टर बेराउर के कनकोटा में लाल बहादुर निषाद, मेघराज प्रजापति, उमाकांत यादव सेक्टर बसहर में पप्पू जायसवाल, अनुज यादव,गुलाब खान, अरसद खान, सियाराम गुप्ता, सेक्टर लोहदा के नोनर में अनिल प्रधान, रमेश यादव सेक्टर पहाडी के कुचाराम में मानसिंह पटेल, राजा बाबू यादव, निजाम सिद्दीकी सेक्टर चौरा में रमा यादव अमृतलाल गुप्ता, हरिमोहन यादव सेक्टर ओरा के अगर हुंडा में गुलाब खान अरशद खान ने पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोगो से जनसंपर्क स्थापित किया।



## जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित हुए जिले के युवा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केंद्रीय मंत्री युवा मामले एवं खेल अनुराग ठाकुर द्वारा जनपद में सामाजिक सेवा व युवा कार्य तथा शिक्षा संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में चित्रकूट के 10 युवाओं को नामित किए जाने पर सांसद आर के सिंह पटेल व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सभी युवाओं को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी।

इस समिति में शिवाकांत पाण्डेय, अर्चना सिंह, अभिषेक ओझा, धीरेंद्र द्विवेदी, अर्पित जायसवाल, रामकिशोर प्रजापति, स्वयं प्रकाश मिश्रा, रामू विश्वकर्मा, शोभित केसरवानी, शिव प्रकाश को नामित किया गया है। समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी अभिषेक आनंद होंगे। नेहरू युवा केंद्र संगठन अन्य सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों और युवा विकास पहल में शामिल एजेंसियों के बीच अंतर को पाटने और प्रभावी सहयोग के लिए संसाधन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित इंटरमीडिएट विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं।

चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में प्रधानाचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह चैहान के निर्देशन में रविवार को रसायन विज्ञान और संगीत गायन की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराई गई हैं। कानपुर से आई परीक्षक नीतू कामठन द्वारा संगीत गायन की परीक्षा संपन्न कराई गई उन्होंने छात्र-छात्राओं से लिखित और मौखिक रूप से संगीत के बारे में प्रश्न पूछ कर उनके ज्ञान का मूल्यांकन किया। संगीत प्रयोगात्मक परीक्षा को संपन्न कराने में शिक्षक संतोष कुमार विश्वकर्मा ,डॉक्टर आलोक शुक्ला, तीरथ प्रसाद का योगदान रहा।



इसी प्रकार इंटर रसायन विज्ञान की पहले चरण की परीक्षा में 481 बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा को संपादित कराने में रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजेश्वर प्रसाद, जयप्रकाश, प्रवीण त्रिपाठी, मनोज पाण्डेय तीरथ पटेल ,विवेक तिवारी, ब्रह्मचारी प्रसाद अमित द्विवेदी और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला सहायक पवन कुमार का सराहनीय योगदान रहा। प्रधानाचार्य ने बताया कि सोमवार को इंटर रसायन विज्ञान ,भूगोल और इंटर व्यावसायिक आशुलिपि टंकण और पुस्तकालय विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी सभी छात्र-छात्राएं प्रयोगात्मक परीक्षाओं में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

## पुरवा तरौहां को हराकर बदौसा बना चैम्पियन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप फाइनल मुकाबला बदौसा और मेजबान टीम पुरवा तरौहां के बीच हुआ। जिसमे बदौसा ने पुरवा तरौहां को हराकर मां कालिका देवी चैलेंज कप 2024 का खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए बदौसा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 218 रन का विशाल लक्ष्य दिया। जिसमें मनोज ने शतकीय पारी खेली और 71 बाल में शानदार 118 रन बनाए। बादल ने 13 रन का योगदान किया। पुरवा तरौहां के मयंक ने 3, अमरजीत ने 2 विकेट




झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरवा तरौहां टीम शुरूआत ठीक रही रावेंद्र ने 42 मयंक ने 30 रन की पारी खेली, लेकिन बदौसा टीम की धारदार गेंदबाजी के आगे पुरवा तरौहां के विकेट थोड़े -थोड़े अंतराल में गिरते रहे। जिसके कारण पुरवा तरौहां टीम 135 के स्कोर पर ढेर हो गयी और बदौसा ने 83 रन से जीत हासिल कर मां कालिका देवी चैलेंज कप 2024 पर कब्जा कर लिया।

विजेता का पुरस्कार 31 हजार और ट्रॉफी कमेटी के मुख्य संरक्षक रामकरण त्रिपाठी(बब्बू महाराज), लवलेश प्रधान (जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा) द्वारा बदौसा के कप्तान दद्दू प्रसाद व उपविजेता का पुरस्कार 15 हजार और ट्रॉफी मोहन लाल वर्मा (ग्राम प्रधान), सुभाष चंद्र मिश्र (समाजसेवी), राजेन्द्र त्रिवेदी (जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद) ने पुरवा तरौहां के कप्तान रोहित यादव को दिया। टूनार्मेंट में 12 विकेट और 70 रन बनाने वाले अखिल कुमार को मैन ऑफ द सीरीज (रेंजर साइकिल)का पुरस्कार डॉ मेराज सिद्दीकी ने दिया। फाइनल मैच में 71 बाल में 118 रन बनाने वाले मनोज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार घड़ी गोरेलाल गौतम ने द्वारा दिया गया। मैच के दौरान मैदान 5 हजार से ज्यादा संख्या में दर्शक मौजूद रहे। स्मार्ट फिल्म्स प्रोडक्शन, रौनक इन्फोटेक, स्मार्ट विजन, दृश्यम विजुअल्स, वेडिंग गुरु, मिथलेश कुशवाहा (टेंट), कल्लू वर्मा (साउंड सर्विस), संदीप त्रिपाठी (बांस बल्ली), रामदत्त मिश्र(जनरेटर) अंडर-14 टूनार्मेंट कमेटी, ललित त्रिपाठी,अंकुर त्रिवेदी, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ हसन, पवन मिश्रा, हिमान्शु त्रिवेदी, रमेश मिश्रा, इब्रान, गोपाल मिश्र, पुनीत, रामकुमार, ओमशंकर, धीरज प्रजापति, रामप्रकाश यादव, चंद्रशेखर वर्मा एवं सभी संरक्षक व सहयोगियो का टूनार्मेंट को सफल बनाने में बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को हुआ। जिसमें जनपद के 17 विद्यालयों के 7500 छात्रों ने भाग लिया था। जिनमे विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, उनको नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गायत्रीशक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि कोई देश वहा की संस्कृति से ही बनता है, संस्कृति ही संस्कारों की जननी है। उन्होंने कहा कि श्रीराम, कृष्ण, बुद्ध, गाँधी, आजाद, बिस्मिल, विवेकानंद, आचार्य श्रीराम शर्मा सब संस्कृति की ही देने है। ऐसे संस्कार हमारे ग्रंथ हमारी मनीषा ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि जो आज परंपरा लापता हो गयी। गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के निर्देश पर आयोजित विश्व में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इसका श्रेष्ठ साधन है, जिससे भारत पुनः जगद्गुरु समृद्धि और विश्व में सनातन धर्म की पुर्नस्थापना कर सकेगा। जिला संयोजक भारतीय संस्कृति परीक्षा के विजय चंद्र गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में सर्वाधिक छात्र सीआईसी के बैठे। उन्होंने बताया कि दूसरा स्थान हरिमोहन सिंह इण्टर कॉलिज बछरन, तीसरे स्थान पर ज्ञान भारती ने प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रथम स्थान महेन्द्र प्रताप बैजनाथ भरद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर कर्वी, द्वितीय स्थान शांतनु पांडेय जानकी देवी, दुलारी देवी, देव कुमार यादव ज्ञान भारती व तृतीय स्थान आदर्श द्विवेदी केन्द्रीय विद्यालय ने प्राप्त किया। जिला समन्वयक भवानीदीन यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।



इस मौके पर उप जोन समन्वयक आओ गढे संस्कारवान पीढी सुधा तिवारी, विभागाध्यक्ष शिक्षा विवि डॉ रजनीश सिंह, के के बाजपेयी, राजकुमार ओझा, लाल मणि सीआईसी, सुधीर द्विवेदी, शंकर दयाल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक अंशुल कुमार तथा उनके हमराही द्वारा दीपक कुमार पुत्र रामभरोषे निवासी एसडीएम कालोनी को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह तथा उनके हमराही द्वारा बच्चा पुत्र परसदवा निवासी परसौंजा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## सीआईसी में संपन्न हुई एनसीसी ए प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में संचालित जूनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स की रविवार को ए प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 41 कैडेट्स में 40 कैडेट उपस्थित रहे। साथ ही एक कैडेट अनुपस्थित रहा।

एनसीसी के चीफ ऑफिसर ऋषि कुमार शुक्ला ने बताया कि एनसीसी में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की परीक्षा दूसरे वर्ष होती है। परीक्षा में पास छात्र-छात्राओं को सभी फोर्स की नौकरियों में वरीयता के अंक प्राप्त होते हैं। छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना विकसित होने के साथ राष्ट्रभक्ति और देश की आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा के काम में यह कैडेट आते हैं। देश के जिम्मेदार नागरिक भी एनसीसी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को तैयार किया जाता है। इस परीक्षा में इस बार विस्तृत उत्तर नहीं लिखना था। ओएमआर शीट में सिर्फ गोला करना था और सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया है। इस परीक्षा को संपादित कराने के लिए एनसीसी हेड क्वार्टर 17 यूपी एनसीसी बटालियन प्रयागराज से नायब सूबेदार सुरेंद्र कुमार पटेल, हवलदार शिवकुमार, अनिल कुमार और कनिष्ठ सहायक अविनाश प्रजापति मौजूद रहे। जबकि प्रेसाइडिंग ऑफीसर लेफ्टिनेंट सुनील कुमार इस परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में रहे।

## अवैध तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौतम तथा आरक्षी अनुज दुबे द्वारा कमलेश केवट निवासी बंबुरा को 1 देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आर्म्स एक्स पंजीकृत किया गया।

## सरकारी निदेर्शों को दर किनार कर निजी भूमि पर कराया जा रहा बारात घर का निर्माण

### जिम्मेदार बने अनजान... सरकारी निदेर्शों की अनदेखी कर रही ग्राम प्रधान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत रूखमा बुजुर्ग में ग्राम प्रधान व प्रधान पुत्र की मनमानी खूब देखने को मिल रही है, जहां पर प्रधान पुत्र सरकारी निदेर्शों को दर किनार कर ग्राम पंचायत में विकास कार्य करवा रहा है।

ग्राम पंचायत रूखमा बुजुर्ग में मनरेगा योजना से कराए गए पक्के कार्यों में जहां स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल कर पक्के कार्य कराए गए हैं। वहीं दूसरी ओर मनरेगा योजना से कच्चे कार्यों को बिना कराए ही फर्जी तरीके से भुगतान किए गए थे। वहीं फर्जी मस्टर रोल भरकर बिना कार्य करने वाले लोगों के नाम पर भुगतान किए गए हैं, जबकि यह लोग कभी कार्य करने ही नहीं गए हैं। ग्राम निधि से कराए गए हैंडपंप मरम्मत सामग्री व मरम्मत कार्य के नाम पर खूब फर्जीवांडा किया गया था। वहीं हैंडपंप री बोर के नाम पर सरकारी धन का मनमाने तरीके से बंदरबाट किया गया था। विद्यालयों के कायाकल्प में ग्राम प्रधान की मनमानी खूब देखने को मिली थी। जहां पर विकास कार्यों के नाम पर मनमाने तरीके से भुगतान किए गए थे, लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं। ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर हुई धांधली की शिकायत ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से की गई थी जिसमें जांच के नाम पर खूब लीपापोती की गई जिसमें जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा दफा कर दिया था।

ग्राम पंचायत रूखमा बुजुर्ग में ग्राम प्रधान द्वारा अपनी निजी जमीन पर बारात घर का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 248 में विजय कुमार पुत्र कपिल मुनि, आनंद कुमार पुत्र कपिल मुनि, संतोष कुमार पुत्र कपिल मुनि, रामलली पत्नी स्व. कपिल मुनि सह खातेदार हैं। जिसमें ग्राम प्रधान शिवदेवी के पति विजय कुमार भी सह खातेदार हैं, लेकिन सरकारी निदेर्शों को दर किनार कर अपनी निजी भूमि पर बारात घर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिले में कई ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन व बारात घरों का निर्माण कार्य निजी भूमि पर करवा दिया गया है, लेकिन निजी भूमि पर निर्माण होने के चलते यह पंचायत भवन व बारात घर बदहाल स्थिति में हैं, जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत रूखमा बुजुर्ग में निजी भूमि पर कराए जा रहे बारात घर के निर्माण कार्य पर कब रोक लगाने का काम किया जायेगा।

## चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग ने 3 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा काशी प्रसाद पुत्र स्व अनसुइया, चंद्रकेश साहू पुत्र रामसिया निवासीगण खरइया थाना भरतकूप, कमलेश यादव पुत्र गिरधारी निवासी निंबुआ पुरवा थाना कोतवाली कर्वी को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 2400 रुपये व 52 ताश के पत्ते जामा तलाशी से 480 रुपए, 2 मोटरसाइकिल बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बरामदशुदा मोटरसाइकिलों को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी रविन्द्र कुमार, अशीष सिंह, आशीष कुशवाहा, शिवम मिश्रा, राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## मवई बियावल संपर्क मार्ग में जगह जगह भरा पानी, आवागमन में हो रही परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ, चित्रकूट।** जोर लगा के हइय्या....जी हां....जोश से लबाबाब ये शब्द किसी खेल के मैदान में नहीं बल्कि सियासत के खेल में अपने विकास की बाट जोह रहा मऊ बियावाल संपर्क मार्ग पर धंसे वाहनों के निकालने के लिए प्रयोग किया जा रहा है।

कुछ दिनों पहले जब बियावल रोड में काम लगा तो क्षेत्र के दिग्गज नेताओं में श्रेय लेने की होड लग गई थी। अब जब काम ठप्प है रोड दिन ब दिन पाताल लोक की ओर उर्ध्वगामी हो चुकी है तो ऐसे में सवाल उठता है श्रेय लेने वाले लोग कहां गए। मऊ के मवई रोड में जगह जगह जलभराव होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। जलभराव की समस्या बदस्तूर कई वर्षों से लगातार जारी है। मवई बियावल संपर्क मार्ग में जगह जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है जिससे राहगीरों को आने जाने में रोज भारी मुसीबतों का सामना करना पडता है। गौरतलब है की लगभग दर्जन भर से अधिक गांवों के लोग इसी मार्ग से मऊ आते हैं लेकिन मैदाना मोड से लेकर इंटर कॉलेज मऊ तक लगभग एक किलोमीटर की सडक में जगह जगह कीचड और जलभराव होने के कारण अक्सर लोग गिर जाते हैं। जुलाई माह में स्कूल भी खुल जाने के कारण



बच्चे इसी दुर्गम रास्ते से रोज चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूरी में आते हैं। स्थानीय व्यापारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा की रास्ता इतना खराब है की लोग संभल संभल कर चलते है उसके बावजूद चोटहिल हो जाते हैं। बिगत कई वर्षों से यह सडक इसी तरह है। बीच में काम शुरू हुआ लेकिन पता नहीं किन कारणों से फिर से बंद हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है की जल्द से जल्द सडक बनवाई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। मऊ बियावल मार्ग के बन जाने से स्थानीय व्यापार भी बढेगा साथ ही आस पास के गांवों से आने वाले तीमारदारों को कम समय में अच्छी चिकित्सा भी उपलब्ध हो जायेगी। वो समय से चिकित्सा के लिए मऊ आ सकेंगे।

## छात्र-छात्राओं को किया गया स्मार्टफोन का वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन वितरण योजना का भगवानदीन सिंह पटेल महाविद्यालय व आर के सिंह हॉस्पिटल में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 336 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। रगौली बालापुर स्थित भगवानदीन सिंह पटेल महाविद्यालय व मेडिकल कॉलिज में मेडिकल कॉलिज के एमडी सुशील पटेल, चन्दन सिंह, दिनेश सिंह, राहुल, धर्मेंद्र सिंह, पारुल यादव, खुशबू सिंह, अनुष्का गुप्ता, शिवानी रैकवार, नेहा वर्मा ने स्मार्टफोन वितरण कर कार्यक्रम का शुभारमभ किया। मेडिकल कॉलिज के डारेक्टर सुशील पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन से युवा अपनी पढाई व रोजगार को आगे बढाने में सफल होंगे। आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं, उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढाई के लिए करें।

## राज्यमंत्री को कार्यकारी अध्यक्ष ने दिया रामायण मेले का आमंत्रण

**चित्रकूट।** भारत सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि देश लगातार विकास के मार्ग पर है। सड़कों से लेकर अन्य निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। शादी समारोह में आए केन्द्र सरकार के राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत उर्फ प्रिंस करवरिया से भेंट की। अध्यक्ष ने उन्हें शिवरात्रि से होने वाले रामायण मेला में आमंत्रित भी किया। इस पर उन्होंने कहा कि उनके बाबा स्व. गोपाल कृष्ण करवरिया के कामों से वह वाकिफ हैं। उन्होंने जिस सादगी व दृढ़ता से काम किया उसके हम सब कायल हैं। वह रामायण मेला में आने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश पीएम की अगुवाई में लगातार विकास के मार्ग पर है।

# यूएन राहत एजेंसी स्टाफ ने इजराइल पर हमले में हमास की मदद की, कई देशों ने आर्थिक मदद रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका समेत कई देशों ने फिलिस्तीन में शरणार्थियों के लिए काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य अभिकरण (यूएनआरडब्ल्यूए) की फंडिंग (वित्तीय सहायता) रोक दी है। दरअसल इजराइल ने दावा किया है कि देश में पिछले साल सात अक्तूबर को किए गए हमले में संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी के 12 कर्मचारियों ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास की मदद की।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जर्मनी, ब्रिटेन और कम से कम चार अन्य देशों ने शनिवार को कहा कि वे गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए भोजन, पानी और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाली संयुक्त राष्ट्र की




इस एजेंसी के लिए वित्त पोषण को निलंबित कर रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी ऐसी घोषणा की थी।

इस रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के आरोप लगाने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने यूएनआरडब्ल्यूए के इन 12 कर्मचारियों को निकाल जरूर दिया है पर उनका विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इजराइल के आरोपों को "बेहद गंभीर और भयानक" बताया है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य अभिकरण का गठन 1948 में किया गया था। इजराइल के ताजा आरोपों के बाद इस एजेंसी की आर्थिक सहायता रोकने की घोषणा अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, स्विटजरलैंड, फिनलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इटली ने की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इन आरोपों से बेहद परेशान है कि एजेंसी के 12 कर्मचारी सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास आतंकवादी हमले में शामिल हो सकते हैं।

# शिकागो में दो छात्रों की गोली मारकर हत्या

**शिकागो।** शिकागो में शुक्रवार दोपहर दो छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात द लूप में नॉर्थ वाबाश एवेन्यू के पहले ब्लॉक में इनोवेशन हाईस्कूल के बाहर हुई।

शिकागो सन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नकाबपोश बंदूकधारियों ने शिकागो पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों रॉबर्ट बोस्टन (16) और मोंटेरियो विलियम्स (17) को दोपहर करीब 12:25 बजे गोलियों से भून दिया। नकाबपोश हमलावर गहरे रंग की सेडान और एक एसयूवी से पहुंचे और गोलीबारी कर भाग गए। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी पुष्टि पुलिस और कुक काउंटी मेडिकल परीक्षक के




कार्यालय ने की है। उप पुलिस प्रमुख जॉन हेन ने कहा कि हमलावरों ने छह छात्रों को निशाना बनाया। इनमें से दो की मौत हो गई।

# नेपाल के वामपंथी दलों को एकजुट करने के लिए फिर सक्रिय हुआ चीन

**काठमांडू।** नेपाल के वामपंथी दलों को एकजुट करने के लिए चीन फिर सक्रिय हो गया है। चीन के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं का लगातार हो रहा नेपाल दौरा इसी बात की तरफ संकेत दे रहा है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश मामलों की उप मंत्री नेपाल के वामपंथी दलों के नेताओं के साथ लगातार बैठकें कर रही हैं और उन्हें चीन के राष्ट्रपति का संदेश दे रही हैं। 26 जनवरी को काठमांडू पहुंचे चीन के विदेश विभाग के दक्षिण एशियाई देशों के प्रभारी सुन हायान ने वामपंथी नेताओं के साथ शुक्रवार और शनिवार को कई बैठकें कीं।

चीन के राष्ट्रपति का विशेष संदेश लेकर नेपाल पहुंचे चीनी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार सुबह प्रधानमंत्री एवं नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' से मुलाकात की। इस मुलाकात के फौरन बाद चीनी प्रतिमंडल प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मिलने उनके पार्टी दफ्तर पहुंचा। दोनों मुलाकात के बाद जो आधिकारिक प्रतिक्रिया दी गई उससे संकेत मिलते हैं कि चीन नेपाल के वामपंथी दलों को एक करने के लिए फिर सक्रिय हो गया है। प्रचंड से मुलाकात के क्रम में वहां मौजूद रहे उनके विदेश मामलों के सलाहकार रूपक सापकोटा ने कहा कि चीन की





कम्युनिस्ट पार्टी और नेकपा (माओवादी) के बीच संबंधों को लेकर चर्चा हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात के क्रम में मौजूद रहे नेकपा (एमाले) के विदेश मामलों के प्रमुख डॉ. राजन भट्टराई ने बताया कि नेपाल में पश्चिमी देशों के बढ़ते प्रभाव को लेकर चीन ने चिंता जताई है। बीआरआई प्रोजेक्ट के आगे नहीं बढ़ने पर भी चीन ने अपनी चिंताओं से अवगत कराया। भट्टराई से जब यह पूछा गया कि क्या वामपंथी दलों को एक करने को लेकर कोई बात हुई है इस पर उन्होंने सीधे तो जवाब नहीं दिया, लेकिन इतना जरूर कहा कि चीन नेपाल में सभी वामपंथी दलों को मजबूती के साथ सत्तारूढ़ देखना चाहता है। यह ओपन सेक्रेट है।

इन दोनों के अलावा चीनी प्रतिनिधिमंडल की योजना अन्य छोटे वामपंथी दलों के नेताओं से भी मुलाकात करने की है। ओली की पार्टी से अलग हुए पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल से मिलकर चीनी प्रतिनिधिमंडल ने चीन और नेपाल के रिश्ते और मजबूत बनाने की बात कही। जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव से भी चीनी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

# ट्रंप को मानहानि केस में मात, जीन कैरोल को 83.3 मिलियन डॉलर देने का आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार मानहानि केस में शुक्रवार को लेखिका ई जीन कैरोल से मात खा गए। मैनहट्टन जूरी ने उन्हें लेखिका कैरोल को 83.3 मिलियन डॉलर देने का आदेश दिया है। ट्रंप ने जूरी के फैसले का खिलाफ विरोध करते हुए कहा कि इसके खिलाफ अपील करेंगे।

इस केस पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को अंतिम बहस के दौरान अदालत कक्ष से उठकर बाहर चले गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, मैनहट्टन जूरी ने लेखिका ई. जीन कैरोल को 2019 में बदनाम करने के लिए 83.3 मिलियन डॉलर का भुगतान



करने का आदेश दिया। कैरोल ने ट्रंप पर बलात्कार का आरोप लगाया था। इसके बाद ट्रंप ने कैरोल पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये हमले जारी रखे। जूरी ने लगभग तीन घंटे तक विचार-विमर्श करने के बाद आदेश में कहा कि ट्रम्प ने दुर्भावना से काम किया। कुछ दिन पहले ट्रंप ने एक दिन में अपनी ट्रुथ सोशल वेबसाइट पर कैरोल के बारे में 40 से अधिक उपहासपूर्ण पोस्ट किए।

न्यायाधीश लुईस ए कपलान ने शाम करीब 4:30 बजे फैसला सुनाया। इसके बाद अदालत कक्ष में सन्नाटा छा गया। जैसे ही आदेश पढ़ा गया ट्रंप के वकील अपनी सीटों पर गिर पड़े। इसके बाद जूरी को बर्खास्त कर दिया गया और 80 वर्षीय कैरोल ने अपने वकीलों को गले लगा लिया। कुछ मिनट बाद, वह अपनी कानूनी टीम के साथ हाथ में हाथ डाले अदालत से बाहर निकलीं और कैमरों की ओर देखकर मुस्कुराईं।

# मध्य गाजा में हवाई हमलों में 15 लोग मारे गये, मृतकों की संख्या 26 हजार के पार

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शहरी शरणार्थी शिविर पर रातभर किये गये इजराइली हवाई हमलों में पांच महीने के एक बच्चे समेत 15 लोगों की मौत हो गई। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से मृतकों की संख्या 26,000 से अधिक हो गई है।

दक्षिणी गाजा में, इजराइली सेना खान यूनिस शहर में आगे बढ़ गई। इजराइली सेना ने शुक्रवार को तीन पड़ोसी क्षेत्रों और खान यूनिस शरणार्थी शिविर को खाली करने का आदेश दिया। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा में संघर्ष विराम का तत्काल आदेश देने से इनकार कर दिया लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा। मामला दाखिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से इजराइल को अपना सैन्य अभियान रोकने का आदेश देने का आग्रह किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उस मामले को खारिज नहीं करेगी जिसमें इजराइल पर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाया गया है। अदालत ने इजराइल की उस अपील को भी खारिज कर दिया, जिसमें नरसंहार के आरोपों को खारिज किये जाने का अनुरोध किया गया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से मारे गए फलस्तीनी लोगों की संख्या 26,083 हो गई है, जबकि 64,487 फलस्तीनी घायल हुए हैं। मंत्रालय ने मृतकों की संख्या में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं किया ह। हमास आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किये जाने के बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पर बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी हमले किये थे जिनमें लगभग 1,200 लोग मारे गये थे।

# इजराइल की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखूंगा: नेतन्याहू

**द हेग।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल अपनी रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) ने इजरायल को गाजा में फलस्तीनी आमजनों को सुरक्षित रखने और उन्हें पर्याप्त राहत सामग्री की आपूर्ति करने का आदेश दिया है। नेतन्याहू का यह बयान संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत के उस फैसले के बाद आया है जिसमें गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध की



कड़ी आलोचना की गई है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा में संघर्ष विराम का तत्काल आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने गाजा में संघर्ष विराम का तत्काल आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन इजराइल से जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए प्रयास करने को कहा। मामला दायर करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से इजराइल को अपना सैन्य अभियान रोकने का आदेश देने का आग्रह किया था। नेतन्याहू ने नरसंहार के दावों को अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया और युद्ध को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

# इराक, अमेरिका ने अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन का मिशन खत्म करने के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू किया

**बगदाद।** इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के मिशन को खत्म करने पर चर्चा के लिए बातचीत का पहला दौर शनिवार को शुरू हुआ। यह बात इराकी सरकार ने कही।

इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि अल-सूदानी ने अधिक विवरण दिए बिना वार्ता के पहले दौर की शुरूआत को प्रायोजित किया, जबकि एक तस्वीर प्रकाशित की जिसमें अल-सूदानी एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिखाई दे रहे



हैं, जिसमें इराकी सैन्य अधिकारी और अमेरिकी अधिकारी वरिष्ठ शामिल थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इराक ने कहा कि वह इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के मिशन के अंत पर चर्चा करने के लिए उच्च सैन्य आयोग बनाने के लिए अमेरिका के साथ सहमत है।

इराक ने नोट किया कि आयोग इस्लामिक स्टेट द्वारा उत्पन्न खतरे का आकलन करेगा और इराकी सुरक्षा बलों की क्षमताओं का मूल्यांकन करेगा, ताकि इराक में अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन सलाहकारों की क्रमिक कमी और गठबंधन के सैन्य मिशन की समाप्ति के लिए एक स्पष्ट समय सारिणी तैयार की जा सके।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ईरान में वाहन मरम्मत की दुकान पर हमले में कम से कम 9 पाकिस्तानी मारे गए

**इस्लामाबाद।** ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के सरवन शहर के सिरकान इलाके में एक वाहन मरम्मत की दुकान पर हुए हमले में कम से कम नौ पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक ईरानी समाचार आउटलेट और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है।

द कुरासन डायरी की रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए लोग मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और बहावलपुर सहित जिलों से थे।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, हमले के लिए जिम्मेदार सशस्त्र हमलावर कौन थे, अभी तक यह पता नहीं चला है।

ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुहम्मद मुदस्सिर टीपू ने इस दुखद घटना की पुष्टि की और ईरान से मामले में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक बयान में राजदूत टीपू ने हत्याओं पर गहरा दुख जताया और आश?वासन दिया कि दूतावास शोक संतप्त परिवारों की मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जाहिदान का एक काउंसलर घटनास्थल और अस्पताल के रास्ते में है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला पाकिस्तान और ईरान के बीच हाल ही में कई घटनाओं के कारण पैदा हुए तनाव के बीच हुआ है।

इससे पहले, 16 जनवरी को ईरान ने कथित तौर पर आतंकवादी संगठन जैश उल-अदल को निशाना बनाते हुए पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के भीतर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे। जवाब में पाकिस्तान ने "अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन" की निंदा की और ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया।

# घोटाले से प्रभावित कंपनी में डेविड कैमरन की गतिविधियां धोखाधड़ी की जांच में 'रुचि का विषय' हैं

**लंदन।** पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री और निवर्तमान विदेश सचिव डेविड कैमरन की घोटाले से प्रभावित ग्रीनसिल कैपिटल फाइनेंस कंपनी में गतिविधियां सीरियस फ्रॉड ऑफिस की व्यापक जांच में "रुचि का विषय" हैं। यह बात मीडिया रिपोर्ट में कही गई।

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, यूके में धोखाधड़ी, रिश?वतखोरी, भ्रष्टाचार की जांच करने और मुकदमा चलाने वाले एसएफओ ने विदेश सचिव की अब बंद हो चुकी कंपनी के साथ भागीदारी के बारे में सवाल उठाया है। लंबे समय से चल रही एसएफओ जांच में गवाहों के साथ संवेदनशील साक्षात्कारों में कैमरून की गतिविधियों पर चर्चा



की गई है।

कैमरून के एक प्रवक्ता ने जांच और ग्रीनसिल के साथ उनकी भागीदारी के बारे में विशिष्ट सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि विदेश सचिव का एसएफओ के साथ व्यक्तिगत रूप से "कोई संपर्क" नहीं था।

ग्रीनसिल में काम करने वाले वरिष्ठ लोगों से गुप्ता फैमिली ग्रुप एलायंस (जीएफजी) स्टील, ऊर्जा और कमोडिटी साम्राज्य के भीतर कंपनियों में "संदिग्ध धोखाधड़ी, धोखाधड़ी व्यापार और मनी लॉन्ड्रिंग" की एसएफओ की व्यापक जांच के हिस्से के रूप में पूछताछ की गई है। जांच की घोषणा 2021 में की गई थी।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, स्टील टाइकून संजीव गुप्ता के स्वामित्व वाली जीएफजी ने लगातार किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

ग्रीनसिल गुप्ता द्वारा स्थापित ऊर्जा, इस्पात और कमोडिटी परिसंपत्तियों के ढीले औद्योगिक समूह का मुख्य वित्तीय समर्थक था।

निवेशकों के लिए ग्रीनसिल को बढ़ावा देने में कैमरन की भूमिका और जीएफजी के साथ उनके जुड़ाव और प्रचार पर गवाहों से पूछताछ की गई है।